www.navpradesh.com

//-- सुविचार --//
नेत्र हमें केवल दृष्टि प्रदान करते हैं परंतु हम कब, किसमें क्या देखते हैं ये हमारी भावनाओं पर निर्भर करता है।

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 7 जुलाई 2022, शुक्ल पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-85 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

घुंघरू सेठ और उसके मुनीमों के हाथों में गल्ले की चाबी है इसलिए वे उसमें से जितना चाहें रकम निकाल लें कौन माई का लाल उनका हाथ पकड़ सकता है? वैसे भी महंगाई बढ़ रही है। आम आदमी का ही नहीं बल्कि आम आदमी पार्टी के नेताओं का भी जीना मुहाल होता जा रहा है। ऐसे में नई दिल्ली के मुख्यमंत्री ने अपना और अपने विधायकों का वेतन दोगुना कर लिया तो कौन सा बड़ा अपराध कर दिया? लगे हाथ खबरियां चैनलों पर दिखाए जाने वाले विज्ञापनों का खर्च भी दोगुना कर दो। सरकारी खजाने पर झाड़ू फेरने में कोई कसर बाकी मत छोड़ो।

सूर्योदय

उदय : 5:29 प्रात:

अस्त : 7:22 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,958,749,500

भारत : 1,407,806,600

बाजार

सेंसेक्स : 53750.97

निफ्टी : 15989.80

गोल्ड : 51930 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 56900 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.41 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.6	25.4
बिलासपुर	31.6	23.6
जगदलपुर	28.0	23.0
अंबिकापुर	29.8	24.8

आज का दिवस

विश्व चॉकलेट दिवस : विश्व चॉकलेट दिवस या अंतर्राष्ट्रीय चॉकलेट दिवस हर साल 7 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन हमारे जीवन में चॉकलेट के अस्तित्व का जश्न मनाने के लिए मनाया जाता है। इसे चॉकलेट खाकर और अपनों के साथ बांटकर मनाया जाता है। यह दिन चॉकलेट का वार्षिक वैश्विक उत्सव है, जो लोगों को अपराध-मुक्त हो इसमें शामिल होने अनुमति देता है। इस दिन, दुनिया भर के चॉकलेट प्रेमी बिना किसी अपराधबोध के विभिन्न प्रकार की चॉकलेट खाने का आनंद लेते हैं या केक, पेस्ट्री, पापी और गूई ब्राउनी, हॉट चॉकलेट या चॉकलेट मूस जैसे कई व्यंजन बनाते हैं। विश्व चॉकलेट दिवस पहली बार वर्ष 2009 में मनाया गया थाँ। हालांकि, कुछ का यह भी मानना है कि लोगों ने 7 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय चॉकलेट दिवस के रूप में मनाना इसीलिए शुरू किया क्योंकि यह वह दिन था जब चॉकलेट को पहली बार 1550 में यूरोप में पेश किया गया था।

घरेलू रसोई गैस की कीमतें बढ़ी, अब चुकाने होंगे 1124 रुपए

नयी दिल्ली (वार्ता)। पहले ही महंगाई से जूझ रहे आम आदमी पर बुधवार को घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम 50 रुपये बढ़ा दिये जाने से बोझ और बढ़ गया। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) की अधिसूचना के अनुसार घरेलू गैस के दाम में बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में गैर-सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,053 रुपये हो गयी। इसकी कीमत कोलकाता में 1,079 रुपये, मुंबई में 1,052 और चेन्नई में 1068 रुपये पर पहुंच गयी है। जबकि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 1124 रुपए चुकाने होंगे। इससे पहले 19 मई, सात मई और 22 मार्च को दामों में बढ़ोतरी की गयी थी। इस दौरान पांच किलोग्राम सिलेंडर के दाम में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बिना याचिका के ही सुप्रीम कोर्ट ने रोहित रंजन की सुनवाई आज के लिए तय कर दी

नई दिल्ली (ए.)। पत्रकार रोहित रंजन के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने जस्टिस इंदिरा बैनर्जी और जेके माहेश्वरी के कोर्ट में कहा कि जी न्यूज के एंकर रोहित रंजन के खिलाफ कई जगह एफआईआर हो गई है, सबको एक जगह किया जाए। जजों ने कहा - ठीक है कल सुनवाई होगी। तभी रोहित के वकील ने कहा कि हमने तो अभी केस ही फाइल नहीं किया है। तब जजों ने डांटा कि ये बहुत गलत बात है। हमने आदेश भी जारी कर दिया है और आपने केस भी फाइल नहीं किया।

हालांकि वकील ने इस फटकार के बाद रोहित रंजन की ओर से याचिका दायर कर दी। जिस पर आज सुनवाई होनी है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वीडियो को 'गलत तरीके से दिखाने' को लेकर दर्ज हुए मामलों के खिलाफ रोहित रंजन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। रोहित रंजन के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि नोएडा पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया था, जिसके बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। अब छत्तीसगढ़ पुलिस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ईडी दफ्तर पहुंचे आजम खां के बेटे अब्दुला, तीन पहले जारी हुआ था समन

■ जौहर यूनिवर्सिटी के मामले में पूछताछ

लखनऊ (ए.)। आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम से ईडी की पूछताछ शुरू हो गई है। बुधवार की सुबह अब्दुल्ला आजम ईडी के दफ्तर पहुंचे। जौहर यूनिवर्सिटी के मामले में अब्दुल्ला आजम और उनकी मां तंजीन फातिमा को ईडी ने समन जारी किया था। दोनों को 15 जुलाई से पहले राजधानी स्थित जोनल मुख्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इनसे जौहर विश्वविद्यालय के नाम पर फंड जुटाने और ट्रांसफर किए गए रुपये को लेकर पूछताछ की बात कही गई थी। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उपराष्ट्रपति चुनाव : विपक्ष का उम्मीदवार तलाशने के लिए कांग्रेस ने कसी कमर

■ जल्दी बुला सकती है बैठक

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार के बाद अब उप राष्ट्रपति चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। खबर है कि विपक्षी दलों के उम्मीदवार को लेकर कांग्रेस कवायद शुरू करने जा रही है। इस संबंध में जल्दी कांग्रेस एक बैठक भी बुला सकती है। राष्ट्रपति के लिए विपक्ष ने यशवंत सिन्हा को मैदान में उतारा है। जबकि, द्रौपदी मुर्मू एनडीए की उम्मीदवार हैं।

सूत्रों के हवाले से लिखा कि उप राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष का संयुक्त उम्मीदवार तलाशने के लिए कांग्रेस ने तैयारी कर ली है। कांग्रेस ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी दलों से संपर्क साधने की जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, उम्मीदवार की चर्चा को लेकर जल्दी बैठक बुलाई जा सकती है, लेकिन कांग्रेस पहले संभावित उम्मीदवारों की सूची के लिए आम सहमति बनाना चाहती है।

सूत्रों ने यह भी जानकारी दी कि जरूरी नहीं है कि उम्मीदवार पार्टी से ही हो। वह अन्य पार्टी से भी हो सकते हैं, लेकिन सबसे प्रमुख शर्त सहमति है। जीतने के लिए जरूरी आंकड़ों को लेकर एक नेता कहते हैं कि वे इस मामले में सियासी टक्कर देना चाहते हैं, क्योंकि लोकतंत्र में वॉक ओवर नहीं दिया जा सकता।

आतंकवादियों से भाजपा के संबंध देश के लिए घातक : युवा कांग्रेस

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बी वी ने कहा है कि उदयपुर में कन्हैयालाल की हत्या के मुख्य आरोपी तथा जम्मू में पकड़े गये लश्कर के आतंकवादी के साथ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं के संबंध पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे देश की सुरक्षा के लिए गंभीर स्थिति बताया है। श्री श्रीनिवास ने बुधवार को कहा कि आतंकवादियों के साथ भाजपा नेताओं के तार लगातार जुड़ रहे हैं। भाजपा देश को नफरत ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिंदुत्व की छवि वाली पार्टी भाजपा अब मेकओवर की तैयारी में

■ पीएम मोदी ने ईसाई-मुस्लिमों तक पहुंचने बनाया प्लान

नई दिल्ली (ए.)। 'हिंदू पार्टी' की छवि वाली भारतीय जनता पार्टी अब मेकओवर की तैयारी में है। खबर है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल में ईसाई और मुस्लिम समुदाय तक पहुंच बढ़ाने का प्लान तैयार किया है। तेलंगाना में हाल ही में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी, जिसमें पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत कई बड़े नेताओं ने शिरकत की थी।

रिपोर्ट के अनुसार, पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर के नेताओं से ईसाई समुदाय के जरिए केरल में पार्टी आधार बढ़ाने का काम सौंपा है। साथ ही इन नेताओं और विधायकों को भाजपा के केवल हिंदू पार्टी होने की गलत धारणा खत्म करने के लिए भी कहा गया है। खास बात है कि पूर्वोत्तर के अधिकांश भाजपा नेता ईसाई संप्रदाय से आते हैं। ऐसे में पार्टी को उम्मीद है कि वह उनके जरिए केरल में समुदाय तक पहुंच बढ़ा सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार सूत्रों ने बताया है कि पूर्वोत्तर भारत, गोवा और केरल में ईसाई समुदाय के प्रभाव वाले ऐसे समुदायों से भी जुड़ने की कोशिश की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सुझाव लिया है और कहा है कि पार्टी पहल करेगी।

राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पीएम मोदी ने भाजपा नेताओं से सबसे ज्यादा पिछड़े माने जाने वाले पसमांदा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के कमांडर नियुक्त

नयी दिल्ली (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने भारतीय सेना के लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम को दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन का फोर्स कमांडर नियुक्त किया है।

सेना के अनुसार संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को घोषणा की कि लेफ्टिनेंट जनरल मोहन सुब्रमण्यम दक्षिणी सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के नए फोर्स कमांडर होंगे।

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम को लेफ्टिनेंट जनरल शैलेश तिनकर की जगह यह जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल तिनकर के पूरे समर्पण के साथ दायित्व निभाने की सराहना करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र उनकी बहुमूल्य सेवाओं के प्रति आभार व्यक्त करता है। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमण्यम का भारतीय सेना में 36 वर्ष का विशिष्ट सेवाकाल रहा है। हाल ही में उन्होंने सेना में संचालन और तैयारी से संबंधित इकाई के प्रमुख का कार्यभार भी संभाला था। वह सेना में कई अन्य महत्वपूर्ण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल के लोग चुप्पी तोड़ें, आखिरी सांस ले रहा लोकतंत्र

■ राज्यपाल धनखड़ का ममता सरकार पर गंभीर आरोप

कोलकाता (ए.)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने भाजपा द्वारा आयोजित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती कार्यक्रम में ममता बनर्जी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मैं बंगाल के बुद्धिजीवियों से अपील करता हूं कि वे चुप न रहें, उन्हें हमारे पास मौजूद लोकतांत्रिक मूल्यों के हो रहे क्षय पर चुप्पी तोड़नी चाहिए। राज्य में लोकतंत्र आखिरी सांस ले रहा है।

कार्यक्रम में बोलते हुए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने कहा, भारत मां के इस महान सपूत (डॉ. श्यामप्रसाद मुखर्जी) के महान प्रयासों से विभाजन के समय जो खतरा था, उसे बेअसर किया जा सकता है। अब खतरे मंडरा रहे हैं और उनके प्रयासों से हमें जो विरासत मिली है, उसे कई क्षेत्रों से खतरे में डाला जा रहा है। लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा अत्यधिक तुष्टीकरण और सांप्रदायिक संरक्षण है, इसे हम होने नहीं दे सकते।

कार्यक्रम का आयोजन भाजपा द्वारा कोलकाता में रेड रोड पर किया गया था और इसमें पार्टी की राज्य इकाई के वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया था, जिसमें राज्य भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी और भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक शामिल थे। मनोज तिग्गा आदि शामिल रहे।

बंगाल के बुद्धिजीवी चुप्पी तोड़े

धनखड़ ने कहा, आज मैं बंगाली बुद्धिजीवियों से अपील करता हूं कि वे चुप न रहें। उन्हें हमारे पास मौजूद लोकतांत्रिक मूल्यों के क्षय की चुप्पी तोड़नी चाहिए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिमाचल में बादल फटने से तबाही, कई लापता

शिमला (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मणिकर्ण के पास बुधवार को बादल फटने से कम से कम चार से छह लोग लापता हो गये। पुलिस अधीक्षक गुरुदेव सिंह ने यह जानकारी दी। श्री सिंह ने कहा, 'यहां मणिकर्ण घाटी के चोझ गांव में भारी बारिश और बादल फटने से आई बाढ़ में चार से छह लोग और कई मवेशी बह गए।' इस दौरान कसोल-जयमाला रोड पर हुए भूस्खलन के बाद एक बचाव दल चलाल पंचायत के चोझ गांव के रास्ते में फंस गया है। बचाव अभियान के लिए दमकल और पुलिस की टीम मौके पर भेजी गई हैं।

पैगंबर टिप्पणी : नूपुर शर्मा के खिलाफ याचिका को तत्काल सूचिबद्ध करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बीजेपी की निलंबित नेता नूपुर शर्मा के खिलाफ एक याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने से इनकार कर दिया है। इस याचिका में सुप्रीम कोर्ट की ओर से अधिकारियों को नूपुर शर्मा को पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित टिप्पणी और मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को आहत करने के लिए कार्रवाई करने और उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश देने की मांग की गई है।

जस्टिस इंदिरा बनर्जी और जस्टिस जेके माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग उठाने वाले अधिवक्ता अबू सोहेल को रजिस्ट्रार के पास भेज दिया है। वकील ने मामले की तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा था कि शिकायत के बावजूद पुलिस की ओर से नूपुर शर्मा के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

याचिका को लेकर पीठ ने कहा, अवकाशकालीन पीठ के समक्ष मामले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ तीसरी शिकायत दर्ज

■ टीएमसी सांसद बोलीं- नहीं हटूंगी पीछे

नई दिल्ली (ए.)। मां काली को लेकर की गई विवादित टिप्पणी के बाद टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ तीसरी शिकायत दर्ज हुई है। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर में भाजपा ने मोइत्रा के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। इस बीच महुआ मोइत्रा ने ट्वीट करते हुए कहा कि वो मां काली की उपासक हैं। वो गुंडो और पुलिस से डरने वाली नहीं हैं। वो पीछे हटने वाली नहीं हैं। दरअसल, भारतीय मूल की कनाडा में रहने वाली फिल्ममेकर लीला मणिमेकलाई ने मां काली डॉक्यूमेंट्री फिल्म में एक विवादित पोस्टर जारी किया था।

कर्ज के लिए घुटनों पर पाकिस्तान, आईएमएफ की शर्त मानने को सेना का बजट भी घटाया

20 पर्सेंट की कटौती

इस्लामाबाद (ए.)। पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली लगातार बढ़ती जा रही है और अब इसका असर उसकी सेना पर भी दिखने लगा है। आईएमएफ की ओर से उसे दिए गए कर्ज के तहत एक शर्त यह भी रखी गई थी कि वह नए वित्त वर्ष में बजट सरप्लस की स्थिति बनाना है। इस शर्त को पूरा करने के लिए पाकिस्तान को अपने सैन्य बजट में कटौती करनी पड़ी है। 10 जून को नेशनल असेंबली में पेश किए गए बजट में सेना पर 363 अरब रुपये खर्च करने का ऐलान किया गया था। लेकिन अब यह रकम घटाकर 291 अरब रुपये ही कर दी गई है। इस तरह से पाकिस्तान ने अपनी सेना के बजट में 20 फीसदी तक की कटौती कर दी है।

पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय ने संशोधित बजट को संसद से मंजूरी मिलने के बाद यह जानकारी साझा की है। संशोधित बजट के तहत पाकिस्तान ने सेना के लिए आवंटित रकम में 72 अरब रुपये यानी करीब 20 फीसदी तक की कमी कर दी है। यह आवंटन नियमित रक्षा बजट से इतर था। बीते कुछ सालों में यह दूसरा मौका है, जब पाकिस्तान को अपने रक्षा कार्यक्रमों में कटौती करनी पड़ी है। ऐसा वित्तीय संकट और आईएमएफ की ओर से तय की गई शर्तों के तहत करना पड़ा है। इससे पहले बीते साल सरकार की ओर से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

भर्ती... अग्निपथ के लिए एलएएफ में 7.5 लाख आवेदन

भावी अग्निवीरों ने तोड़े अब तक के सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली (ए.)। केंद्र सरकार की नई अग्निपथ योजना के तहत मंगलवार को भारतीय वायु सेना में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई। विवादों से इतर आवेदकों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। कुल 7.5 लाख युवाओं ने इस योजना के तहत एयरफोर्स में शामिल होने के लिए आवेदन दिए हैं। आपको बता दें कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ योजना शुरू किए जाने के 10 दिन बाद यानी 24 जून को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

भारतीय वायु सेना के अनुसार, किसी भी भर्ती प्रक्रिया में सबसे अधिक आवेदन 6,31,528 थे, जो इस वर्ष अग्निपथ योजना के तहत आगे निकल गए। कुल 7,49,899 आवेदन आए हैं। IAF ने मंगलवार को ट्वीट किया, #AgnipathRecruitmentScheme के लिए IAF द्वारा आयोजित ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। अतीत में 6,31,528 आवेदनों की तुलना में इस बार 7,49,899 आवेदन प्राप्त हुए हैं। यह संख्या सर्वाधिक है।

इतनी भारी संख्या में आवेदन देश के विभिन्न हिस्सों में अग्निपथ योजना के विरोध में शुरू किए गए विरोध-प्रदर्शन के बावजूद आए हैं। आपको बता दें कि इस योजना को वापस लेने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गए थे। प्रदर्शनकारियों ने कई ट्रेनों को आग के हवाले कर दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल अनिल पुरी (अतिरिक्त सचिव, सैन्य मामलों के विभाग, रक्षा मंत्रालय) ने 19 जून को स्पष्ट किया कि इस योजना को वापस नहीं लिया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह देश को युवा बनाने के लिए एकमात्र प्रगतिशील कदम है।

उन्होंने कहा, योजना को वापस नहीं लिया जाएगा। इसे वापस क्यों लाया जाना चाहिए? यह देश को युवा बनाने का एकमात्र प्रगतिशील कदम है। मैं आपको ■ शेष पृष्ठ 6 पर

डीजीसीए ने स्पाइसजेट एयरलाइन को नोटिस जारी कर 3 सप्ताह में मांगा जवाब

नयी दिल्ली (वार्ता)। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने स्पाइसजेट एयरलाइन पर संरक्षा संबंधी मानदंडों को लेकर लापरवाही बरतने के लिए कड़ी चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीजीसीए ने मंगलवार देर रात जारी अपने नोटिस में कहा कि स्पाइसजेट लिमिटेड विमान नियम 1937 के नियम 134 और 11वीं अनुसूची के अनुरूप एक सुरक्षित, दक्ष एवं भरोसेमंद हवाई सेवा प्रदान करने में विफल रही है। स्पाइसजेट लिमिटेड के जवाबदेह प्रबंधक को कारण बताओ नोटिस देकर तीन सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा गया है कि आखिर कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई क्यों नहीं की जाये।

नोटिस में कहा गया कि एक अप्रैल 2022 से लेकर अब तक स्पाइसजेट एयरलाइन की उड़ानों में विमानों को लेकर कई घटनाएं सामने आयीं हैं जिनकी समीक्षा की गयी और पाया गया कि विमान या तो उड़ान के प्रारंभ के स्थान पर वापस लौटा अथवा ऐसे स्थानों पर उतरा जहां संरक्षा के मानदंड घटिया दर्जे के थे। नोटिस में कहा गया कि समीक्षा के दौरान पाया गया कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

दिल्ली के विधायकों के वेतन में वृद्धि

नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपना वेतन भी बढ़ा लिया है। साथ ही सभी विधायकों के वेतन में भी दो गुनी वृद्धि कर दी है। गौरतलब है कि नई दिल्ली के मुख्यमंत्री का वेतन पहले ही देश के अन्य बढ़े राज्यों के मुख्यमंत्रियों के वेतन से ज्यादा है। इसके बाद भी उन्होंने अपना वेतन बढ़ा लिया है। नई दिल्ली के विधायकों के वेतन में वृद्धि का सीधा असर सरकारी खजाने पर पड़ेगा। किन्तु उसकी अरविंद केजरीवाल को कोई चिंता ही नहीं है। तभी तो खबरियां चैनलों पर अपना चौखटा चमकाने के लिए वे करोड़ों रुपए के विज्ञापन देते रहे हैं। अब उन्होंने विधायकों के वेतन बढ़ा दिए है। इसका दूसरा पहलू यह है कि विधायकों के वेतन बढ़ जाने से बाद में उन्हें जो पेंशन मिलेगी वह भी बढ़कर मिलेगी। कहने का मतलब यह कि सरकारी खजाने को लंबे समय तक छति पहुचती रहेंगी। एक तरफ तो अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के पूर्व विधायकों को एक से ज्यादा पेंशन दिए जाने के नियमों में बदलाव कर सभी को एक पेंशन देने का नियम बनाया था। वहीं दूसरी ओर उन्होंने अपने विधायकों के वेतन में भारी भरकम वृद्धि करके अपनी कथनी और करनी के अंतर को स्पष्ट कर दिया। अरविंद केजरीवाल की तरह ही अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री भी समय-समय पर अपने राज्य के विधायकों के वेतन में वृद्धि करते रहते हैं। उनकी पेंशन राशि में भी बढ़त्तोरी करते रहते है और अन्य सुविधाएं भी माल-ए-मुफ्त दिल ए बेरम की तर्ज पर प्रदान करते रहते है। चूंकि ऐसी वेतन या पेंशन वृद्धि का लाभ सभी पार्टी के विधायकों को मिलता है। इसलिए इस मुद्दे पर वे दलगत भावना से उपर उठकर एक जूट हो जाते हैं। अब समय आ गया है कि इस बारे में भी केन्द्र सरकार कोई कारगर कदम उठाएं यह ठीक है कि राज्यों को अपने विधायकों और पूर्व विधायकों के वेतन व पेंशन में वृद्धि करने का अधिकार है लेकिन इसकी भी एक सीमा तय की जानी चाहिए। वेतन वृद्धि तो फिर भी ठीक है लेकिन पेंशन में वृद्धि कतई अनुचीत है। कायदें से तो चाहे सांसद हो या विधायक इन सभी माननीयों के पेंशन पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। सरकारी कर्मचारी जो तीस सालों तक सरकार की सेवा करते है उन्हें तो अब पेंशन की पात्रता से वंचित किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर पांच साल के लिए विधायक या सांसद बनने वाले नेताओं को आजीवन पेंशन दी जा रही है। इस मामले में भी केन्द्र सरकार को गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और पूर्व विधायकों और सांसदों की पेंशन बंद कर देनी चाहिए। वर्तमान विधायकों व सांसदों के वेतन वृद्धि के लिए भी नियम तय किए जाने चाहिए। एक मुश्त दो गुनी या तीन गुनी करना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस बारे में केन्द्र सरकार जल्द ही कोई ठोस कदम उठाएगी।

दक्षिण से उठी अलगाववादी मांग की गंभीरता समझें

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

प्रदेश के मुख्यमंत्री जिसने संविधान की शपथ लेकर कुर्सी संभाली है, ऐसे में उनके सामने यदि उन्हीं की पार्टी के वरिष्ट नेता ने तमिलनाडु को भारत से अलग कर पृथक देश बनाने की मांग कर डाली तब उनका चुप रहना उस शपथ का खुले आम उल्लंघन है। और ये मान लेना गलत न होगा कि श्री राजा की मांग को स्टालिन का भी समर्थन है। सवाल ये है कि ये राष्ट्रद्रोह नहीं तो क्या है? कश्मीर में इसी तरह की आवाज को अनसुना करने का परिणाम देश भुगत चुका है। अब देश के दक्षिणी राज्य से उठी अलगाववादी मांग पर केंद्र सरकार के साथ बाकी राजनीतिक दलों को अपना विरोध खुलकर व्यक्त करना चाहिए। खास तौर पर कांग्रेस को जो स्टालिन की पार्टी के साथ गठजोड़ कर सत्ता में हिस्सेदारी कर रही है। उसे ये नहीं भूलना चाहिए कि श्री लंका में पृथक तमिल राष्ट्र के आन्दोलन ने ही राजीव गांधी की जान ली थी। राजनीतिक दलों के साथ-साथ केंद्र सरकार को भी इस तरह की मांग की गंभीरता को समय रहते समझना होगा, क्योंकि ये अलगावादी सोच देश का बड़ा नुकसान कर सकती है, इतिहास इसका साक्षी है।

बीते दिनों द्रमुक नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री डी. राजा ने अपनी पार्टी के नेताओं के बीच दिये भाषण में प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से मांग कर डाली कि वे तमिलनाडु को स्वयात्तता प्रदान करें अन्यथा द्रमुक पृथक तमिलनाडु राष्ट्र की मांग करने बाध्य हो जायेगी। उनके ऐसा कहते समय राज्य के मुख्यमंत्री स्टालिन भी उपस्थित थे। इस बयान के बाद राजनीतिक पैंतरेबाजी शुरू हो गई। लेकिन मुख्य रूप से भाजपा ही हमलावर बनकर सामने आई है। यद्यपि द्रमुक के एक नेता ने भाजपा की आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार को स्वतंत्र होकर काम नहीं करने दिया जा रहा। विधानसभा द्वारा पारित अनेक प्रस्ताव राज्यपाल ने स्वीकृति हेतु रोक रखे हैं, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन ने न तो श्री राजा को पृथक तमिल राष्ट्र की मांग करते समय रोका और न ही बाद में उनके बयान की आलोचना की जबकि मुख्यमंत्री पद ग्रहण करते समय उन्होंने देश की अखंडता और एकता अक्षुण्ण रखने की शपथ भारतीय संविधान के अंतर्गत ली थी।

नमक्कल में आयोजित एक कार्यक्रम में ए. राजा ने कहा कि जब तक पेरियार जीवित थे, उन्होंने हमेशा अलग तमिलनाडु की मांग की थी। हमारे मुख्यमंत्री स्टालिन अब अन्नादुरै के रास्ते पर चल रहे हैं। हमें पेरियार का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर न करें। इतिहास के पन्नों को पलटा जाए तो तमिलनाडु में रामास्वामी पेरियार ने न सिर्फ दलित उत्थान का आन्दोलन शुरु किया अपितु वे पृथक तमिल राष्ट्र के पैरोकार बनकर भी उभरे। 1940 में जस्टिस पार्टी के ईवी रामास्वामी पेरियार ने दक्षिण भारत के राज्यों को मिलाकर द्रविडनाडु की मांग की थी। पहले ये मांग सिर्फ तमिलभाषी क्षेत्रों के लिए थी। लेकिन बाद में द्रविडनाडु में आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, ओडिशा और तमिलनाडु को भी शामिल करने की बात कही गई। यानी मांग ये थी कि दक्षिण भारत के राज्यों को मिलाकर एक नया मुल्क बनाया जाए, द्रविडनाडु। तमिलनाडु की राजनीति में उनका नीतिगत प्रभाव आज भी है। वे आर्य संस्कृति के भी घोर विरोधी थे। उच्च जातियों के विरुद्ध उनका संघर्ष तमिल राजनीति की पहचान बन गई। यद्यपि जब पेरियार ने अपने से 40 वर्ष छोटी निजी सचिव से दूसरा विवाह कर उसे अपना उत्तराधिकारी बनाया तब उनका विरोध होने लगा और उनके सबसे प्रमुख शिष्य अन्ना दोरई ने द्रविड़ मुनेत्र कडगम (द्रमुक) नामक पार्टी बनाकर अलग रास्ता पकड़ा। यद्यपि वह पार्टी भी तमिल भाषा और द्रविड़ संस्कृति के नाम पर उत्तर भारत के विरोध के रास्ते पर चली किन्तु पृथक तमिल राष्ट्र की मांग से उसने पल्ला झाड़ लिया। हालांकि अन्ना के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी बने करुणानिधि और तमिल फिल्मों के सबसे बड़े नायक एमजी रामचंद्रन (एमजीआर) के बीच मतभेद होने पर अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कडगम (अद्रमुक) बनाई गई। एमजीआर के जीवनकाल में ही उनकी मित्र रहीं अभिनेत्री जे. जयललिता अद्रमुक की सर्वेसर्वा बन बैठीं। वहीं करुणानिधि के अवसान के बाद उनकी चार पत्नियों की अनेक संतानों के बीच चले सत्ता संघर्ष के बाद पार्टी की कमान उनके बेटे स्टालिन के हाथ आई जो तमिलनाडु के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं। पेरियार नास्तिक थे और उनकी नास्तिकता समाज पर ब्राह्मणों के वर्चस्व के विरोध की वजह से पनपी।

हालांकि बाद में दोनों द्रविड़ पार्टियां इस बारे में ज्यादा मुखर नहीं रहीं किन्तु देश में सबसे ज्यादा आरक्षण देने वाले राज्य के रूप में तमिलनाडु ने दलित और पिछड़ी जातियों के बड़े वोट बैंक को द्रमुक और अद्रमुक के साथ इतनी मजबूती से जोड़ा कि 1967 से वहां इन दोनों का ही शासन बारी-बारी से चला आ रहा है। यद्यपि कांग्रेस बतौर राष्ट्रीय पार्टी मौजूद रही लेकिन उसे भी समय-समय पर उनमें से किसी एक के साथ गठबंधन करना पड़ा। भाजपा बीते दो दशक से वहां पैर जमाने की कोशिश कर रही है और जिसे कभी जयललिता और कभी करूणानिधि की बैसाखी थामने मजबूर होना पड़ा। इस प्रकार तमिलनाडु देश के उन राज्यों में है जो उत्तर पूर्व की कबीलाई संस्कृति वाले राज्यों से अलग मुख्यधारा में होने के बाद भी राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग पहिचान बनाए रखने के प्रति सदैव सतर्क रहा और उसका हिंदी विरोध जिद की हद तक कायम है। इसका प्रमाण हाल ही में चेन्नई के उस समारोह से मिला जिसमें मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने ही कहा कि तमिलनाडु पर हिन्दी लादने की जुर्रत न की जावे।

दरअसल उसके पहले गृहमंत्री अमित शाह ने हिन्दी को सरकारी कामकाज की भाषा बनाने की बात कही थी। इसी तरह भले ही पृथक तमिल राष्ट्र की मांग खुले तौर पर न की जाती रही लेकिन द्रमुक नेता करूणानिधि गाहे-बगाहे इसके संकेत देते रहे। और जब लिट्टे द्वारा श्रीलंका में तमिल इलम के नाम से अलग देश बनाने का आन्दोलन गृहयुद्ध में बदल गया तब करूणानिधि भी वृहत्तर तमिल देश का सपना संजोने लगे थे जिसमें श्रीलंका के उत्तरी हिस्से और तमिलनाडु को शामिल करने की कल्पना थी। भगवान राम को कपोल कल्पित और रामचरित मानस को एक अच्छी काव्यकृति बताते हुए उन्होंने रामसेतु को तोड़कर समुद्री मार्ग विकसित करने का प्रयास भी किया था।

जब राजीव गांधी की हत्या हुई तब उसमें भी द्रमुक की भूमिका का संदेह जताया गया था। लेकिन राजनीतिक मजबूरी के चलते कांग्रेस ने द्रमुक के साथ गठबंधन किया जो आज भी जारी है। इसका परिणाम ये हुआ कि बीते 55 साल से तमिलनाडु में सत्ता में चाहे द्रमुक रही या अद्रमुक, हिन्दी और उत्तर भारत के प्रति विरोध यथावत है।

हालंकि दूसरे राज्यों के नागरिकों के विरुद्ध आन्दोलन जैसी बात देखने नहीं मिली और ये भी कि द्रविड आन्दोलन के जबरदस्त प्रभाव के बावजूद न तो इस राज्य से धार्मिकता समाप्त हुई और न ही सांस्कृतिक तौर पर उसे देश से अलग किया जा सका। लेकिन ऐसा लगता है मौजूदा राजनेता एक बार फिर तमिलनाडु को विवादग्रस्त बनाने की राह पर बढ़ रहे हैं। हिन्दी का विरोध भले ही राजनीतिक औजार के रूप में प्रयुक्त् होता हो लेकिन उसमें पहले जैसी धार नहीं रही और न ही उत्तर भारत के प्रति आम जनता में किसी भी तरह का विरोध है। इसका कारण लाखों तमिल भाषियों का नौकरी के सिलसिले में बाहर निकलना है। देश की राजधानी दिल्ली सहित ऐसा कोई बड़ा शहर नहीं होगा जहां तमिल भाषी न रहते हों।

कविता

धरम के झगरा

चन्द्रकांत खुंटे 'क्रांति'
जाँजगीर-चांपा
(छत्तीसगढ़)

वसुधे कुटुंबकम् के बानी ला भूला गेहे।
अउ राजनीति मा चिखला कस मता गेहे।
पाछु-पाछु दउड़त हे सब्बो गोठ ला धर।
अचार-बिचार करे के बुद्धि हर सिरा गेहे।।
हमर देस हा सला-सुमता बर जाने गेहे।
सांति-सद्भाव बर बुद्ध-गुरुघासी माने गेहे।
जिहाँ सदियों बरस ले हावन मिल-जुरके।
उही भुंइया मा धरम के आगी लगाइ देहे।।
जिहॉ सोन के चिरई सुग्घर बासा करय।
मीठ बानी बर कोइली हर इसारा करय।
जम्मो मिल-जुर के रहव नाँचव-गाँवव।
झुम-झुम के मोर जंगल ले इसारा करय।।
हिंदु-मुश्लिम जिहाँ खेलय गुलाल जुरके।
ईद-रमजान मा गला मिलय गाँ-सहर पुरके।
तेसनहा देस मा बइरी भेदभाव समो देहे।
जिहाँ जोहार करय माटी के लाल दुर ले।।

सूरज छुपा, अलसाई सांझ

सूरज छुपा, अलसाई सांझ ! पक्षी कर रहे कलरव
घाट पर बैठा कोई फिर बुन रहा उम्मीदें अपनी सूखे
तालाब में नन्हे बच्चें कर रहे उद्धम थक गए हैं जो
जीवन के उमंगों से कहीं बैठकर हंस रहे हैं फिर
आसमान में उड़ते पक्षी लौट रहे हैं फिर सुंदर प्रकृति
उमंगित है। चारों तरफ बह रही हवा बारिस की बूंदें
तालाब में विलीन हो गई है ।
गहरा है तालाब पानी हिलोर कर थक चुकी है।
मन्दिर की घण्टी फिर बजी है आस्था के स्वर के साथ अलसाई सांझ
,पक्षी कर रहे कलरव सुबह की उम्मीद में फिर पक्षी लौट आये अपने
घरौंदे गलियों में चहल-पहल है । वृक्षों में अलसाहट आई है। ठंडी हवा
बह रही मन में उत्साह है। पहली बारिस से किसानों के चेहरे में चमक
है। फिर उम्मीद जगी है फसल उगानी है ।
यही प्रकृति की रवानी है।

लक्ष्मी नारायण लहरे 'साहिल '
गांव -कोसीर ,सारंगढ
जिला -रायगढ (छत्तीसगढ़)

डिजिटल इंडिया अभियान का निरंतर आगाज

टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए क्रांतिकारी कदम है

किशन भावनानी

आज का कार्यक्रम 21वीं सदी में भारत के निरंतर आधुनिकीकरण की एक झलक प्रस्तुत करता है। डिजिटल इंडिया के माध्यम से भारत ने उदाहरण पेश किया है कि प्रौद्योगिकी का सही इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए कितना क्रांतिकारी है। उन्होंन कहा कि जन्म प्रमाणपत्र, बिल जमा करने, राशन, प्रवेश, रिजल्ट और बैंकों के लिए भी लाइन लगती थी, इतनी सारी लाइनों का समाधान भारत ने ऑनलाइन होकर कर दिया है। उन्होंने कहा कि आज वरिष्ठ नागरिकों के जीवन प्रमाण पत्र, आरक्षण, बैंकिंग आदि सेवाएं डिजिटल होने से वे सुलभ, तेज और सस्ती हो गई हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया का 40 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन भारत में होता है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'हमारे डिजिटल समाधानों में स्केल है, ये सुरक्षित हैं और इनमें लोकतांत्रिक मूल्य हैं। उन्होंने बताया, आज भारत अगले तीन से चार वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग को 300 अरब डॉलर से ऊपर ले जाने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। भारत अब चिप लेने वाले से चिप देने वाला बनना चाहता है। सेमीकंडक्टर का उत्पादन बढ़ाने के लिए भारत में निवेश तेजी से बढ़ रहा है।

एक ज़माना था जब हमारे पूर्वज अपने जीवन में दिनचर्या के कार्यों की शुरुआत सुबह चार पांच बजे से करते थे!! दैनिक जरूरतों की सामग्री गांव से मीलों दूर पैदल चल कर लाते थे और अपने व्यापार, व्यवस्था, सेवा पर जाने भी मीलों दूर पैदल जाते थे!! देश में हो रही घटनाओं की जानकारी का पता चलने में कुछ दिन लग जाते थे!! जंगलों से लकड़ियां, तालाब कूओं से पानी लाने से लेकर गेहूं पीसनें से लेकर तीन ईटें लगाकर चूल्हे पर रोटी पकानें तक का सफर महिलाओं ने बहुत बंदिशों में रहकर किया इस तरह की चर्चाओं में हम कई किताबें लिख सकते हैं परंतु एक बात हमें मानना पड़ेगा कि हमारे पूर्वजों ने आज के डिजिटल इंडिया युग की दूर-दूर तक का कल्पना भी नहीं की होगी कि हम चांद पर भी मकान बना सकने पर, काम कर रहे हैं बस!! बाकी एक काम रह गया है कि मनुष्य योनि में जीवन कैसे आता है और ऐसा क्या निकल जाता है कि मनुष्य निर्जीव हो जाता है? मेरा मानना है कि यह रहस्य मानवीय जीव ज्ञात नहीं कर सकता याने कुदरत की अनमोल प्रक्रिया का भेद नहीं जान सकता। हालांकि डिजिटल प्रौद्योगिकी के बल पर आज हमने सबकुछ प्राप्त कर लिया है और आगे भी करते रहेंगे क्योंकि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से डिजिटल इंडिया अभियान, डिजिटल इंडिया सप्ताह के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम डिजिटल इंडिया अभियान की करें तो, मीडिया के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत, केंद्र सरकार ने 1 जुलाई 2015 को डिजिटल इंडिया अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के माध्यम से ऑनलाइन सरकारी सेवाएं प्रदान करना था। इसे पूरे देश में बुनियादी ढांचे में वृद्धि और इंटरनेट कनेक्शन में सुधार को देखते हुए लागू किया गया था। साथियों डिजिटल इंडिया अभियान विभिन्न उद्देश्यों के उपयोग के लिए प्रत्येक नागरिक को एक डिजिटल बुनियादी ढांचा प्रदान करता है। यह प्रत्येक नागरिक के डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ मांग पर शासन और सेवाओं पर ध्यान केंद्रित करता है। इसके लिए आदर्श वाक्य कहता है, शक्ति को सशक्त बनाना। पहल कई प्रचलित योजनाओं को फिर से डिजाइन करने पर भी विचार करती है जो एक सिंक्रनाइज़ तरीके से निष्पादित हो सकती हैं। डिजिटल इंडिया अभियान में ग्रामीण क्षेत्रों में हाई-स्पीड इंटरनेट शामिल है। यह सागरमाला, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, भारतमाला, भारतनेट जैसी विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थी के रूप में कार्य करता है। यह कई विचारें और विचारों को एक प्रमुख लक्ष्य के हिस्से के रूप में लेने के साथ एक अच्छी व्यापक दृष्टि में मिला देता है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा दिनांक 4 जुलाई 2022 को डिजिटल इंडिया सप्ताह समारोह में जिसका विषय नवभारत प्रौद्योगिकी प्रेरणा था। कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी कहा, समय के साथ जो देश आधुनिक तकनीक को नहीं अपनाता, समय उसे पीछे छोड़कर आगे निकल जाता है। तीसरी औद्योगिक क्रांति के समय भारत इसका भुक्तभोगी रहा है। लेकिन आज हम गर्व से कह सकते हैं कि भारत चौथी औद्योगिक क्रांति, इंडस्ट्री 4.0 में दुनिया को दिशा दे रहा है।' इसमें भी एक तरह से पथ प्रदर्शक की भूमिका निभाने के लिए उन्होंने गुजरात की प्रशंसा की।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि डिजिटल इंडिया अभियान अपने आप में नए आयाम जोड़ता रहेगा और देश के नागरिकों की सेवा करता रहेगा। उन्होंने बताया कि आने वाले 4-5 वर्षों में इंडस्ट्री 4.0 के लिए 14-15 लाख युवाओं के स्किलिंग, अपस्किल और रीस्किलिंग पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा, अंतरिक्ष हो, मैपिंग, ड्रोन, गेमिंग और एनिमेशन हो, ऐसे कई सेक्टर हैं जो डिजिटल तकनीक के भविष्य को विस्तार देने जा रहे हैं, उन्हें नवाचार के लिए खोल दिया गया है। इन-स्पेस और नई ड्रोन नीति जैसे प्रावधान इस दशक में आने वाले वर्षों में भारत की तकनीक क्षमता को नई ऊर्जा देंगे। विस्तार डिजिटल टेक्नोलॉजी- (1)डिजिटल इंडिया भाषिणी' नागरिकों को उनकी अपनी भाषा में डिजिटल पहल से जोड़कर सशक्त बनाएगी। (2)इंडियास्टैक डॉट ग्लोबल - आधार, यूपीआई, डिजिलॉकर, कोविन टीकाकरण प्लेटफॉर्म, गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस (जीईएम), दीक्षा प्लेटफॉर्म और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन जैसी इंडिया स्टैक के तहत चल रहीं प्रमुख परियोजनाओं का वैश्विक भंडार है। वैश्विक सार्वजनिक डिजिटल भंडार की भारत की पेशकश जनसंख्या के पैमाने पर डिजिटल परिवर्तन परियोजनाओं के निर्माण में देश को अग्रणी के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा और यह अन्य देशों के लिए बहुत मददगार साबित होगा, जो ऐसी तकनीकी समाधानों की तलाश में हैं।(3) मेरी पहचान'- नेशनल सिंगल साइन-ऑन (एनएसएसओ) एक उपयोगकर्ता प्रमाणीकरण सेवा है, जिसमें निजी जानकारी का एक सेट, कई ऑनलाइन एप्लिकेशन या सेवाओं तक पहुंच प्रदान करता है। (4)माईस्कीम' - सरकारी योजनाओं तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए यह एक सेवा खोजने वाला प्लेटफॉर्म है। यह वन-स्टॉप सर्च और डिस्कवरी पोर्टल के तौर पर खुद को पेश करता है जहां यूजर्स उन योजनाओं को ढूंढ सकते हैं जिसके लिए वे पात्र हैं। (5) डिजिटल इंडिया जेनेसिस' (इनोवेटिव स्टार्टअप्स के लिए जेन-नेक्स्ट सपोर्ट) - भारत के टियर-2 और टियर-3 शहरों में खोजने, सहयोग, विकास करने और सफलस्टार्टअप बनाने के लिए एक राष्ट्रीय डीप-टेक स्टार्टअप कार्यक्रम है। इस योजना के लिए कुल 750 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि डिजिटल इंडिया अभिमान का निरंतर आगाज़!! टेक्नोलॉजी का सही इस्तेमाल पूरी मानवता के लिए क्रांतिकारी कदम है। डिजिटल इंडिया अभियान के विस्तारित नए आयामों, टेक्नोलॉजी के नए प्लेटफार्म,प्रोग्राम लांच कर भारत दुनिया को दिशा दे रहा है।

(लेखक कर विशेषज्ञ)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर

जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहा हूं मैं, पार्टी मुखिया होकर भी पकौड़े तल रहा हूं मैं। जबसे आ गये दिल्ली यह गुजराती चाय वाले, मस्जिद जाना छोड़ जनेऊधारी बन रहा हूं मैं।।
संजय सिंह राजपुत

खास पाती | कहां अब कोई रिश्ता रह गया

कहां अब कोई रिश्ता रह गया है। जहां में सिर्फ पैसा रह गया है। मुहब्बत बांटता था वो जहां में। जो अब सूली पे लटका रह गया है। चले आये हैं वापस घर नमाजी। खुदा मस्जिद में तन्हा रह गया है। जनाजे उठ रहे हैं आरजू के। मगर वो शक्स जिन्दा रह गया है। वरक जो फट चुका है आशिकी का। किताबों में वो किस्सा रह गया है। बहार ओ गुल फजायें सब तुम्हारी। मिरे हिस्से में सहरा रह गया है। मुहब्बत करके भी ये दिल हमारा। अकेला था अकेला रह गया है। **राजीव कुमार**

सबको खुश करने के चक्कर

सबको खुश करने के चक्कर में जाने क्या क्या दर्द सहे कहने को तो कह सकते थे लेकिन हम खामोश रहे खामोशी वो क्या समझेंगे जो जलसों के भूखे है आंसू तो पवित्र है सभी के होठ सभी के झूठे है इस पर भी न जाने क्यू लोग हमी से रूठे है! वर्षो पूर्व मेरे द्वारा लिखी यह पंक्तिया आज भी अपनी उपस्थिति वर्तमान स्थिति जैसी ही लगती है। **अमरजीत सिंह छाबड़ा**

आज कुछ शब्द बेनाम लिखूँ

आज कुछ शब्द बेनाम लिखूँ। अंतर्मन में उठते संग्राम लिखूँ। शब्दों से उलझन सुलझाकर, सत्य अविरल अविराम लिखूँ। कर के पैनी धार कलम की झूठों का क्या होगा अंजाम लिखूँ। कभी अंगार, कभी बरसे फूल सवालों के जवाब सरेआम लिखूँ। उठाकर कलम करूँ क्यों विश्राम आज सभी दोस्तों को सलाम लिखूँ । **पूनम झा**

दवाई केवल दवाई की बोतलें

दवाई केवल दवाई की बोतलें और गोलियां ही नहीं हैं। कुछ दवाएं ऐसी हैं जिनके उपयोग से बीमारी ही नहीं होती? कसरत (e&ercise) -एक दवाई है सुबह की सैर-एक दवाई है व्रत रखना-एक दवाई है परिवार के साथ खाना-एक दवाई है हसी मजाक-एक दवाई है गहरी नींद-एक दवाई है हमेशा खुश रहना दवाई है योगा करना-दवाई है कुछ मामलों में चुप रहना और एकांत-एक दवाई है सबका सहयोग-एक दवाई है एक अच्छा दोस्त यकीनन-एक दवाई की दुकान है इनका सेवन कीजिए न पैसा खर्च होता है ना ही इनके कोई साइड इफेक्ट होते हैं। **सूर्य प्रकाश मिश्रा**

लड़की सुन्दर देखकर ठोकर

लड़की सुन्दर देखकर, ठोकर मुँह के भार। कपड़े सब लथपथ हुए, दांत विखंडित चार। दांत विखंडित चार, हुई जेबों की कडकी। कान लगाए हाथ, देख मत सुंदर लड़की। कहे प्रदीपा आज, कभी खायेगा झिड़की। चले न अपनी राह, जो' देखे मुड़-मुड़ लड़की। **अग्निहोत्री प्रो. के चन्द्रकांता**

शिव ही शक्ति शिव ही पूजा शिव

शिव ही शक्ति शिव ही पूजा शिव के बिना कोई और न दूजा शिव ही कारण शिव ही निवारण शिव ही आरंभ शिव ही अंत शिव ही तांडव शिव ही संत शिव ही समय शिव ही प्रलय शिव ही शांत शिव ही नितांत शिव ही साध्य शिव ही आराध्य शिव ही जीवन शिव ही मृत्यु। **प्रवीण माटी**

उम्र वक्त पर अपना असर लाती

उम्र वक्त पर अपना असर लाती है! बात कहने की कहीं जरूर जाती है! बाहर गर्जना शोर बादलों का भीतर सन्नाटा पसराती है याद भूली बातों की चर्चा गजल खुद ही बन जाती है बड़ी लम्बी थी डगर उमस भरी पर सकूँ, बारिश भी तो आती है दरार सुखी हुई मिट्टी में थी जो पड़ी होकर तर भर पौधे तभी उगाती है नब्ज कलम फिर से धडकती जब खुले जख्म सहलाती है। **मेनका त्रिपाठी**

चले राम सेना सहित करा सेतु निर्माण

चले राम सेना सहित, करा सेतु निर्माण। सागर में तैरे सभी, राम नाम पाषाण॥ वानर सेना चल पड़ी, राम लखन प्रभु वीर। लंका लेने जानकी, हृदय सिंधु का चीर॥ सेवा में हरदम जुटे, राम भक्त हनुमान। भक्ति अलौकिक देखकर, मुदित राम भगवान॥ सदा सत्य संकल्प ले, चले विजय की ओर। राम लखन काँधे बिठा, हनुमत भाव विभोर॥ किया पराजित राम ने, रख रघुकुल का मान। सुरथ जानकी संग फिर, अवधपुरी प्रस्थान॥ **प्रतिभा गर्ग**

QUIZ TIME

1) किस वर्ष से कांग्रेस की सदस्यता का चंदा चवन्नी की जगह 2000 गज अपने हाथ का कता सूत कर दिया गया था?

2) किस प्रकार के वन में सर्वाधिक जैव-विविधता पाई जाती है?

3) अध्यक्षीय सरकार में राष्ट्रपति किस पर आश्रित नहीं होता?

4) आतिशबाजी में हरा रंग उत्पन्न करने के लिए क्या मिलाया जाता है?

5) जलवायु विज्ञानी और कृषिविज्ञानी डॉ. सिन्थिया रोसेनजवेइग को 5 मई 2022 को कौन-सा पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1924 (2) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन (3) विधानमंडल (4) बेरियम (5) वर्ल्ड फूड प्राइज़

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 07 जुलाई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1763- मीर जाफर की बंगाल के नवाब के रूप में दोबारा ताजपोशी हुई। 1799- महाराजा रणजीत सिंह ने लाहौर पर कब्जा किया। 1941- नाजियों ने यूरोपीय देश लिथुआनिया में पांच हजार यहूदियों को मौत के घाट उतारा। 1948- दामोदर घाटी निगम की स्थापना हुई। 1948- स्वतंत्र भारत की पहली बहुउद्देशीय परियोजना हुई 1978- सोलोमन द्वीप ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की। यूरोपियों ने 1567 में इस द्वीप समूह की खोज की थी। 1979- सोवियत संघ ने पूर्वी कजाख में परमाणु परीक्षण किया। 1980- ईरान में शरिया कानून लागू हुआ। 1998- पं. विश्वमोहन भट्ट को अमेरिका का प्रतिष्ठित दशाब्दी का सर्वाधिक प्रशंसित व्यक्ति सम्मान मिला। 1999- फ्रांसीसी वैज्ञानिकों द्वारा पेचिस के नए टीके की खोज की गई। 2003- यूनाइटेड कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ अर्मेनिया का गठन हुआ। 2003- नासा के ऑपर्च्युनिटी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह के लिए उड़ान भरी थी। 2007- अमेरिका के दूरसंचार उपग्रह डायरेक्ट वी-10 को रूस के प्रोटान-एम रॉकेट द्वारा प्रक्षेपित किया गया। 2008- काबुल में हुए भारतीय दूतावास पर हमले में 41 लोगों की मौत। 2011- हैरी पॉटर सीरीज की अंतिम फिल्म 'हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज पार्ट 2' का लंदन में प्रीमियर हुआ। 2012- रूस में भयंकर बाढ़ आने से 140 की मौत। 2013- विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराकर एंडी मरे 1936 के बाद से इस खिताब पर कब्जा जमाने वाले इंग्लैंड के पहले खिलाड़ी बने।

छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण में रामाधार कश्यप की थी अग्रणी भूमिका : मुख्यमंत्री

बिलासपुर शहर में लगेगी स्व. रामाधार कश्यप की प्रतिमा, सीएम भूपेश ने की घोषणा

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बिलासपुर के लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित एक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के महान योद्धा एवं पूर्व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय रामाधार कश्यप के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण एवं विमोचन किया। उन्होंने प्रथम पुण्यतिथि पर स्वर्गीय रामाधार कश्यप की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर बिलासपुर शहर के किसी प्रमुख चौक पर स्वर्गीय रामाधार कश्यप की प्रतिमा स्थापित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष चरणदास मंहत ने की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर स्वर्गीय रामाधार कश्यप के अनन्य सहयोगी मन्नूलाल साहू एवं सुशील भोले का आयोजन समिति की ओर से शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्वर्गीय रामाधार कश्यप के जीवन संघर्ष पर आधारित पुस्तक ''पृथक छत्तीसगढ़ आंदोलन के दुर्धर्ष नायक रामाधार कश्यप'' का विमोचन एवं लोकार्पण किया। इस पुस्तक का संपादन साहित्यकार डी. डी. महंत ने किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्गीय श्री रामाधार कश्यप जी बहुत ही सरल और सहज स्वभाव के व्यक्तित्व थे और पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिए संचालित आंदोलन में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय कश्यप ने राज्य निर्माण आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई तथा अन्य लोगों को भी इस आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। स्वर्गीय कश्यप जी राज्य निर्माण के स्वप्नद्रष्टा डॉ. खूबचंद बघेल से काफी प्रभावित थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के संरक्षण के महत्व को उजागर किया तथा आम जनता को शोषण और अन्याय से मुक्ति दिलाने के लिए पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण का उद्घोष किया। कश्यप जी ने 1969 में पृथक छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण को लेकर मध्यप्रदेश विधानसभा में पर्चा फेंककर कर पूरे देश का ध्यान छत्तीसगढ़ की समस्याओं की ओर आकृष्ट किया था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत ने कहा कि दुर्धर्ष का अर्थ है जिसको परास्त न किया जा सके और स्वर्गीय कश्यप ऐसे ही शख्शियत के मालिक थे। श्री कश्यप बहुत ही सहज, सरल और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। छत्तीसगढ़ की अस्मिता के लिए उनकी लड़ाई और संघर्ष अविस्मरणीय रहेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रभा देवी मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी बिलासपुर के द्वारा किया गया।

न्यूज गैलरी

देवेंद्र वैष्णव को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी के नवनियुक्त सदस्य देवेंद्र वैष्णव को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष बनाया गया हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देश, जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली प्रभारी श्रीमती सीमा वर्मा की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के जिलाध्यक्ष सागर सिंह ने देवेन्द्र वैष्णव को जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया हैं। नवनियुक्त जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली के उपाध्यक्ष देवेंद्र वैष्णव ने कहा कि वे पूरी निष्ठा और लगन के साथ कांग्रेस पार्टी की रीति-नीति एवं सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते रहेंगे। देवेंद्र वैष्णव की नियुक्ति से सभी कांग्रेसियों ने हर्ष व्यक्त की है।

कांग्रेस नेताओं ने नवपदस्थ कलेक्टर से की मुलाकात

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र गोस्वामी के साथ पार्षदों एवं कांग्रेस नेताओं ने नवपदस्थ कलेक्टर राहुल देव से मुलाकात कर स्वागत करने के साथ ही उन्हे शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पार्षद राहुल कुर्रे, श्रीनिवास ठाकुर, सूरज मंगलानी, संजय ठाकुर, रिंकू खान सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

लांड्री मशीन खरीदी में गड़बड़ी, एक महीने बाद भी शुरू नहीं हुई जांच

बिलासपुर। सिम्स (छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान) में मैकेनाइज्ड लांड्री मशीन घोटाले की जांच 32 दिन बाद भी शुरू नहीं हो पाई है। जबकि बीते चार जून को स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने इस पर नाराजगी जताते हुए डीन को लांड्री मशीन खरीदी की जांच के निर्देश दिए थे। इस खरीदी के लिए छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन सर्विसेस (सीजीएमएससी) से एनओसी भी नहीं लिया गया था। नियमों को ताक पर रखकर सिम्स के तात्कालीन संयुक्त संचालक और अधीक्षक ने लांड्री मशीन खरीदी की है। इसके लिए तीन गुना अधिक कीमत चुकाई गई। ऐसे में मशीन खरीदी में घोटाले का संदेह जाहिर किया गया है। मामले की शिकायत डीन, डीएमई और स्वास्थ्य मंत्रालय में भी की गई। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने पिछले माह समीक्षा बैठक के दौरान मशीन की खरीदी की जांच के निर्देश दिए थे। लेकिन डीन डा. केके सहारे ने स्वास्थ्य मंत्री के आदेश की अनदेखा कर दी। अब तक इस मामले में जांच शुरू ही नहीं हुई है। वहीं तात्कालीन अधीक्षक डा. पुनीत भारद्वाज से भी किसी भी प्रकार का कोई जवाब नहीं लिया गया है। अन्य मामलों की तरह इस बार भी गड़बड़ी को दबाने की तैयारी चल रही है।

कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

बिलासपुर। कलेक्टर सौरभ कुमार ने आज जन जनचौपाल में जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं और मांगों के जल्द निराकरण के निर्देश दिए। जनचौपाल में आज 33 लोगों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याएं एवं मांग रखी। जनचौपाल में नयापारा चकरभाठा निवासी उमा धुरी, ग्राम खोडरी निवासी केवल कुमार, अवधराम साहू, ग्राम लमेर निवासी उत्तरी कुमारी, पन्ना नगर निवासी सुरेश कुमार साहू, करगीरोड कोटा निवासी लक्ष्मीन बाई, ग्राम मदनपुर निवासी कैलाश कुमार प्रजापति, बिलासपुर निवासी वर्षा देवांगन सहित अन्य लोगों ने मांग एवं समस्याओं के संबंध में आवेदन दिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए निर्देशित किया।

शोक समाचार

ईश्वरी प्रसाद शर्मा का निधन

मुंगेली। ग्राम भरदा निवासी ईश्वरी प्रसाद शर्मा 85 वर्ष का 5 जुलाई को दोपहर 1 बजे एम्स रायपुर में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। वे कमलेश शर्मा व महेश शर्मा के पिता व मुंगेली जिला भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप पाण्डेय के बड़े पिता थे। उनका अंतिम संस्कार 6 जुलाई को गृह ग्राम भरदा में किया गया।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में कलेक्टर राहुल देव ने आम लोगों की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनी तथा समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान लोरमी ब्लाक के ग्राम चंदली के संतोष कुमार साहू और ग्राम मर्राकोना के कुलेश्वर जोशी ने नवीन राशनकार्ड उपलब्ध कराने हेतु आवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लिया और जिला खाद्य अधिकारी को तत्काल राशनकार्ड बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर के निर्देश पर जिला खाद्य अधिकारी द्वारा संतोष कुमार साहू और कुलेश्वर जोशी को तत्काल नवीन राशनकार्ड बनाकर उपलब्ध कराया गया। जिसे कलेक्टर के समक्ष जिला खाद्य अधिकारी ने हितग्राहियों को सौंपा, जिससे संतोष कुमार व

कुलेश्वर जोशी काफी खुश नजर आए और दोनों ने तत्काल नवीन राशनकार्ड बनने पर जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी प्रकार पथरिया विकासखण्ड के ग्राम बरछा के निरूशक्तजन हीरामणी ने पैर संबंधी समस्या होने पर आवेदन प्रस्तुत कर सहायक उपकरण की मांग की। कलेक्टर के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें तत्काल सहायक उपकरण प्रदान किया गया। जिसे अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल ने अपने हाथों से उन्हें प्रदान किया। सहायक उपकरण प्राप्त कर हीरामणी काफी खुश नजर आए और खुशी-खुशी चेहरे में मुस्कान लिए घर लौटे। जनदर्शन कार्यक्रम में लगभग 50 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें मुंगेली नगर पालिका के दीनदयाल वार्ड के निवासियों ने वार्ड में नाली एवं सड़क निर्माण हेतु, ग्राम करही के बिसौहा जांगड़े ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, ग्राम देवरहट के ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, ग्राम सरगांव के जामुन साहू ने निराश्रित पेंशन दिलाने, ग्राम पेण्ड्रीतालाब के ग्रामीणों ने अतिक्रमण को हटाने, ग्राम केशलीकला के गेंदलाल बंजारे ने बिजली बिल में सुधार कराने और अनंतराम ने बैटरी चलित ट्रायसायकल उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन सौंपे।

कलेक्टर देव ने प्राप्त सभी आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने की बात कही। इस अवसर पर अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर नम्रता आनंद डोंगरे एवं नवीन भगत सहित संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

अटल और शहीद नंदकुमार विश्वविद्यालय के परिणाम अलग-अलग होंगे जारी

बिलासपुर। अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय में मंगलवार को शिक्षा सत्र की बैठक हुई। कुलपति प्रो. एडीएन वाजपेयी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय और शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के परिणाम अलग अलग घोषित किए जाएंगे। दरअसल शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय स्थापना के बाद स्नातक अंतिम वर्ष के बच्चों की परीक्षा का जिम्मा अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय पर आ गया था। परीक्षा विभाग में इसे लेकर दुविधा थी कि परिणाम अटल बिहारी वाजपेयी वि जारी करेगा। जिसे लेकर दोनों संस्थाओं के बीच दूरिया बढ़ने लगीं। मंगलवार को इसका पटाक्षेप हो गया। बैठक में कक्षा प्रांरभ करने, प्रत्येक विभाग को सेमिनार व कान्फ्रेंस करने, शोध करने, एसोसिएशन आफइंडियन यूनिवर्सिटी के सेंटर खोलने, 75 एमओयू करने का लक्ष्य रखा गया।

एटीआर में ही मौजूद है छह हाथियों का दल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अचानकमार टाइगर रिजर्व से हाथियों का दल नहीं गया है। अभी भी दल छपरवा व अचानकमार रेंज के बीच विचरण कर रहे हैं। चुंकि किसी तरह नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं, इसलिए टाइगर रिजर्व प्रबंधन भी केवल निगरानी करा रहा है। मैदानी अमला प्रतिदिन हाथियों की उपस्थिति स्थल की रिपोर्ट तैयार कर अधिकारियों को भेजते हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व में करीब दो महीने से हाथियों का जमावड़ा है। इस दल का एक हाथी अलग हो गया था। इस बीच उसने नुकसान पहुंचाया। हालांकि बाद में वह लौट गया। इससे राहत तो मिली।

लेकिन दल के अन्य हाथी यहां से नहीं जा रहे हैं। यह किसी को नुकसान तो नहीं पहुंचा रहे हैं। लेकिन इनकी उपस्थिति से टाइगर रिजर्व प्रबंधन चिंतित है और यही सोच रहे है कि कही मकान या ग्रामीण को क्षति न पहुंचा दे। इसलिए वन कर्मियों को निर्देश है कि प्रतिदिन दल की उपस्थिति की रिपोर्ट देनी है। इस बात का भी ध्यान रखना है कि ग्रामीण दल के करीब न जाए और हाथी में यदि गांव के नजदीक जाते हैं तो इसकी जानकारी देनी है। सुरक्षा के मद्देनजर यह बेहद जरुरी है।

आदेशनुसार वन अमला प्रतिदिन की रिपोर्ट दे रहा है। अभी तक जितनी बार भी रिपोर्ट दी गई है, उनमें हाथियों की उपस्थिति अचानकमार व छपरवा रेंज के जंगल में है। बिना किसी को नुकसान पहुंचाए केवल जंगल में इधर से उधर विचरण करने से टाइगर रिजर्व प्रबंधन मान रहा है कि उनके लिए अचानकमार टाइगर रिजर्व पसंदीदा हो गया है। इससे पहले जितने बार हाथी यहां पहुंचे हैं इतने दिनों तक नहीं रूकेंगे। वर्षा के बाद हाथियों की वापसी होने की उम्मीद है। यदि नहीं जाते हैं तो प्रबंधन यह मानकर चल रहा है कि यहां स्थाई रहवास हो जाएगा।

जिपं अध्यक्ष ने कोरोना में मां-बाप को खोने वाले बच्चों व बुजुर्गों का हालचाल जाना

मुंगेली/नवप्रदेश। कांग्रेस नेत्री एवं जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी चंद्राकर ने कोरोना काल में मां-बाप को खोने वाले बच्चों और वृद्ध आश्रम में रह रहे बुजुर्गों का हालचाल जाना।

कोरोना के त्रासदी में जिन बच्चों के सर से मां या बाप का साया उठ चुका है, ऐसे बच्चे भीड़ में रहते हुए भी अकेलापन महसूस करते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चंद्राकर ने बताया कि हम सबको जब भी मौका मिले ऐसे लोगों के साथ वक्त गुजारते हुए उनका हालचाल जानना चाहिए। वहीं इस दौरान कांग्रेस नेत्री ने इन बच्चों को स्टेशनरी सामान से संबंधित उपहार भी प्रदान किया। इसके बाद उन्होंने रामगढ़ स्थित वृद्ध आश्रम में रह रहे लोगों के साथ घंटों समय व्यतीत करते हुए उनका हालचाल जाना। इसके अलावा उन्हें खाद्य, कपड़ा एवं अन्य सामान वितरित किया। इस दौरान वृद्धा आश्रम में रह रही एक वृद्ध महिला की आंखें भर आई और अपनापन पाकर कांग्रेसी नेत्री के कंधे से लिपट कर रोने लगी। जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चन्द्राकर जब मुंगेली के स्वामी आत्मानंद स्कूल में कोरोना के त्रासदी में जिनके माता या पिता का निधन हुआ है। ऐसे बच्चों को उपहार देने के बाद स्कूल में पढाई के क्षेत्र में बेहतर परफॉर्मेंस देने वाले छात्र छात्राओं से भी उन्होंने स्कूल की पढ़ाई व उपलब्ध संसाधनों की जानकारी लेते हुए उन्हें भी उपहार दिया।

आरटीई से प्रवेश लेने वाले बच्चों को निजी स्कूल प्रबंधन देगा ड्रेस व पुस्तकें

बिलासपुर/नवप्रदेश। आरटीई (शिक्षा के अधिकार) के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले बच्चों को निशुल्क में ड्रेस, पुस्तक से लेकर पढ़ाई संबंधी समस्त सामग्री स्कूल प्रबंधन उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा शिक्षा से संबंधित सभी सुविधा उपलब्ध करानी है। राज्य शासन ने जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी कर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गरीब बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने के लिए किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए निगरानी की जाएगी।

जिले में 526 निजी स्कूलों में आरटीई के तहत 10 हजार 236 बच्चों को प्रवेश दिया गया है। इससे पहले ऐसे बच्चों को ड्रेस से लेकर पढ़ाई सामग्री समेत सभी सुविधा पालक खुद के खर्च से उपलब्ध करवाते थे। सिर्फ स्कूल की फीस से राहत मिलती थी। शेष खर्च पूरा करने में पालकों की हालत खराब हो जाती थी। साल 2021 में उच्च न्यायायल के निर्देश पर सरकार अब आरटीई के तहत निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सभी प्रकार की सामग्री मुफ्त में उपलब्ध करवा रही है। लेकिन इस नियम का पालन निजी स्कूलों में नहीं किया जा रहा है। पालकों को महंगी किताब से लेकर ड्रेस व अन्य सामग्री खरीदनी पड़ रही है।

जानकारी के अभाव में कोई पालक मना भी नहीं कर पाते हैं। आरटीई के नियमों का पालन नहीं करने की जानकारी मिलते ही राज्य शासन ने जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया है। गरीब बच्चों को ड्रेस, किताब से लेकर सभी सुविधा मुफ्त में उपलब्ध करवाने निजी स्कूलों को निर्देश दिए हैं। इसकी मानिटरिंग भी होगी। शासन ने कड़ाई से नियम का पालन करवाने का आदेश दिया है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए है कि जो निजी स्कूल नियमों का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उच्च कार्यालय को अवगत भी कराएं। इस नियम का पालन होने से गरीब बच्चों और उनके पालकों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

बिलासपुर में सी मार्ट शोरूम में जल्द होगा शुरू एक ही छत के नीचे मिलेंगे 192 हर्बल उत्पाद

बिलासपुर/नवप्रदेश। माल की तर्ज पर महिला स्व. सहायता समूह के उत्पादों की ब्रिक्री के लिए राज्य शासन बिलासपुर में भी सी मार्ट शोरूम खोलने जा रहा है। यहां समूहों द्वारा तैयार बड़ी, पापड़, अचार से लेकर घरेलू सजावट की सामग्री, वन विभाग के वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र द्वारा तैयार दवा, शुद्ध शहद के साथ 192 प्रकार के हर्बल उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। इसके जरिए लघु एवं कुटीर उद्योग,महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पाद को एक बेहतर प्लेटफार्म मिल सकेगा।

वन विभाग कार्यालय के सामने स्मार्ट सड़क के पास स्थित सामुदायिक भवन को सी मार्ट में

तब्दील किया गया है। वहीं, दूसरा स्टोर सरकंडा नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के पास बन रहा है। दोनों सी मार्ट शोरूम का जल्द ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों शुभारंभ किया जाएगा। शोरूम में काउंटर, रैक, ट्राली, टाइल्स, लाइट लगाकर सुपर मार्केट का स्वरूप दिया गया। इसके लिए डीएमएफ फंड से राशि उपलब्ध कराई गई है।

डीएफओ ने किया निरीक्षण

नूतन चौक के पास बन रहे सी मार्ट शोरूम का वन विभाग के डीएफओ और अफसरों ने निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सी मार्ट में स्व. सहायता समूह, कृषि उत्पादक समूह, कृषि बोर्ड से जुड़े हुए शिल्पकार, काष्ठागार आदि द्वारा उत्पादित सभी प्रकार के उत्पादों का अनूठा संग्रह होगा। वन विभाग के अंतर्गत संचालित संजीवनी के शुद्ध शहद से लेकर औषधि प्रसंस्करण केंद्रों द्वारा तैयार 192 प्रकार के छत्तीसगढ़ हर्बल्स उपलब्ध रहेंगे।

अब शोरूम तैयार है। आने वाले दिनों में स्थानीय समूह यहां पर अपना उत्पाद बेचने नजर आएंगे।

भाजपाई मनाएंगे डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

बिलासपुर। जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज जयंती है। जिला भाजपा के बैनर तले जिला भाजपा कार्यालय के अलावा सभी मंडलों में जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान संगोष्ठी भी होगी। सभी मंडलों में जिले के दिग्गज भाजपाई वक्ता के रूप में शामिल होंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने बताया कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की स्मृति दिवस 23 जून से जन्म दिवस छह जुलाई तक भारतीय जनता पार्टी जिला बिलासपुर द्वारा जिला एवं मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के आह्वान पर प्रदेश भाजपा की कार्ययोजना अनुसार 23 जून को जिले के सभी बूथों में डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित की जाएगी।

भूमिपुत्र अब बनेंगे अग्निवीर, देश का ऊंचा करेंगे सिर

बिलासपुर/नवप्रदेश। देश के कुछ युवा अग्निवीर योजना के विरोध में ट्रेनों को जला रहे हैं। सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में मुंगेली जिले के ग्राम फु लवारी में 105 युवा अग्निवीर बनने के लिए पसीना बहा रहे हैं। ताकि देश व समाज की रक्षा कर सकें। वनवासी विकास कल्याण समिति की मदद से अग्निपथ योजना के अंतर्गत कार्यशाला शुरू की गई है। युवाओं को अग्निवीर बनाने के लिए निश्शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले ही चरण में 105 युवाओं ने अपना पंजीयन कराया है। समिति के प्रमुख सदस्य नितेश साहू ने बताया कि निश्शुल्क प्रशिक्षण शुरू हो गया है। भूतपूर्व सैनिक, शिक्षक एवं क्रीड़ा अधिकारी युवाओं को भर्ती प्रक्रिया के लिए तैयार कर रहे हैं। उनका लक्ष्य छत्तीसगढ़ के अधिक से अधिक युवाओं को अग्निवीर बनाना है।

दूसरी जगह के युवा भी कर रहे संपर्क

ग्रामीण अचंल के युवाओं में अग्निपथ योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। सिर्फ मुंगेली ही नहीं बल्कि अब आसपास अन्य जिलों के युवा भी प्रशिक्षण के लिए संपर्क कर रहे हैं। अग्निपथ योजना को लेकर सरकार व सेना के द्वारा जारी किए जा रहे आदेश व निर्देशों को मोबाइल के जरिए एक दूसरे से साझा भी किया जा रहा है।

मेरे लिए बड़ी उपलब्धि : भूतपूर्व सैनिक संतोष

भूतपूर्व सैनिक संतोष साहू ने बताया कि वे भारतीय सेना में 19 साल सेवा देने के बाद अब युवाओं को अग्निपथ योजना के जरिए सेना में भर्ती होने के लिए तैयार कर रहे हैं। यह उनके लिए भी बड़ी उपलब्धि है। एक अन्य भूतपूर्व सैनिक नरेंद्र राजपूत भी प्रशिक्षण दे रहे हैं। इसके अलावा विषय विशेषज्ञ के रूप में शिक्षक कमलेश प्रधान और वीरेंद्र कुमार गंधर्व अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, गणित एवं सामान्य ज्ञान पढ़ा रहे हैं। सुबह फिजिकल प्रशिक्षण एवं शाम को लिखित परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है।

कृषि मंडी में पदभार, ट्रैक्टर चलाते पहुंचे जिले के प्रभारी मंत्री रूद्रकुमार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी मंत्री रूद्र कुमार की उपस्थिति में आदर्श कृषि उपज मंडी समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष आत्मा सिंह और सदस्यों ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के पूर्व प्रभारी मंत्री ट्रेक्टर चलाते हुए मंडी पहुंचे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों, व्यापारियों और कांग्रेसियों की उपस्थिति रही।

राज्य शासन द्वारा नवनियुक्त मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय के कार्य भार ग्रहण समारोह में मुंगेली जिले के प्रभारी मंत्री का आज आगमन अपने निर्धारित समय में मुंगेली आगमन हुआ। जहां एसएनजी कॉलेज के पास शिवपुर में कांग्रेसियों और युवक कांग्रेस ने जमकर आतिशबाजी कर स्वागत किया। उसके बाद रैली के रूप में ट्रेक्टर चलाते हुए कार्यक्रम स्थल मंडी प्रांगण पहुंचे। कार्यक्रम स्थल में भारी संख्या में कांग्रेसजन, किसान व व्यापारीगण उपस्थित थे जिनमें भारी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम स्थल पर भी उपस्थित लोगों द्वारा जबरदस्त स्वागत किया गया। नवनियुक्त मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने प्रभारी मंत्री का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। उसके बाद सभी कांग्रेसियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, कांग्रेसी पार्षदगण, महिला कांग्रेस, युवक कांग्रेस और समाज प्रमुखों द्वारा प्रभारी मंत्री गुरु रुद्र कुमार का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के बाद प्रभारी मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने अपने उद्बोधन में सबसे पहले नवनियुक्त मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह एवं सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि जब से प्रभारी बना हूँ तब से मेरा प्रयास रहा है मुंगेली का विकास करूँ, संगठन को मजबूत करूँ। जब से कांग्रेस की सरकार बनी तब से हमारी सरकार किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही हैं। प्रभारी मंत्री ने आगे कहा कि संगठन भी मिलजुल कर तालमेल बैठाए, जब पिछली बार मुख्यमंत्री मुंगेली आये थे तो मैंने विश्वास दिलाया था कि इस बार तीनों विधानसभा में जीता कर लाऊंगा। इसीलिए सभी मिलकर संगठन, किसान और जनता के हित में कार्य करें। मंडी के नवनियुक्त अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे निवेदन पर सरल सहज प्रभारी मंत्री रुद्र कुमार कार्यक्रम में उपस्थिति के लिए अपना अमूल्य समय दिया हैं। इसके लिए उन्हें धन्यवाद देता हूं, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, गिरीश देवांगन और सभी कांग्रेसियों का मुझे आशीर्वाद मिला हैं और मुझे मुंगेली मंडी का अध्यक्ष बनाया गया हैं। मुझे किसानों और जनता की सेवा का मौका दिया गया हैं। मैं सभी का आभार प्रकट करता हूँ तथा सबका आभारी एवं ऋणी हूँ। मैं हमेशा किसानों का मुद्दा उठाऊंगा उन्हें कोई समस्या नहीं आने नहीं दूंगा। भुपेश बघेल सरकार की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाऊंगा। किसानों को अब बीज एवं खाद की भी समस्या नहीं होगी। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष सागर सिंह ने किया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन मंडी उपाध्यक्ष कमलेश्वरी बंजारा ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष लेखनी सोनू चन्द्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष हेमेन्द्र गोस्वामी, कांग्रेस नेता राकेश पात्रे, श्याम जायसवाल, चन्द्रभान बारमते, चुरावन मंगेशकर, अम्बालिका साहू, जागेश्वरी वर्मा, संजीत बनर्जी, रूपलाल कोसरे, अनिल सोनी, स्वतंत्र मिश्रा, अरविंद वैष्णव, संजय जायसवाल, एजाज खोखर, रोहित शुक्ला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी, किसान और व्यापारी उपस्थित थे।

कोविड टीकाकरण के लिए स्कूलों में लगाए जाएंगे शिविर

- समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश
- कुपोषित एवं जन्मजात विकृति वाले बच्चों के उपचार हेतु विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने अधिकारियों की बैठक लेकर शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रगति तथा समय-सीमा में प्रकरणों का निराकरण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को प्रत्येक सोमवार को अपने कार्यालय उपस्थित रहकर आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने और उसकी जानकारी ग्राम पंचायत में चस्पा करने लिए कहा गया है। सीजन प्रारंभ होते ही इन कार्यों को शुरू किया जायेगा, इसके के लिए दिसम्बर माह तक समय सारणी बनाने के निर्देश सभी जनपद सीईओ एवं एसडीएम को दिये गये। स्वीकृत सभी आंगनबाड़ी भवनों एवं उचित मूल्य दुकान का निर्माण अक्टूबर माह तक पूर्ण करने लिए कहा गया। आंगनबाड़ी भवनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए आरईएस के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सभी एसडीएम को फील्ड भ्रमण के दौरान निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के लिए भी कहा गया है।

ग्राम पंचायतों में पूर्व में स्वीकृत परन्तु आप्रारंभ कार्य जिनमें राशि की वसूली की जानी है, ऐसे सभी कार्यों की सूची तत्काल कलेक्टर को उपलब्ध कराने के लिए निदेशित किया गया है, साथ ही ऐसे सभी कार्यों को पूर्ण कराया जा सके अथवा संबंधित एजेंसी से वसूली की कार्यवाही की जा सके। सभी एसडीएम को ग्राम पंचायत सचिवों की प्रत्येक तिमाही बैठक लेने के निर्देश भी कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं। इस माह की बैठक 15 जुलाई के पूर्व करने को कहा गया है। अमृत सरोवर योजनांतर्गत तालाब निर्माण की प्रगति की समीक्षा भी उनके द्वारा की गई। वनाधिकार मान्यता पत्रधारी सभी परिवारों को कृषि, उद्यानिकी, क्रेडा इत्यादि विभागों से लाभान्वित करने के लिए कहा गया है।

कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा नरवा कार्यक्रम अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की भी समीक्षा की गई तथा अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। उनके द्वारा शहरी क्षेत्रों में अतिक्रमित शासकीय भूमि का व्यवस्थापन, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन इत्यादि प्रकरणों का निराकरण की जानकारी ली गई। अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के प्रकरणों को ग्राम पंचायतों द्वारा निराकरण के बाद राजस्व अभिलेख को दुरूस्त किया जावे। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम का पालन करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा के भीतर संपादित किया जाये। उनके द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना में हितग्राहियों का पंजीयन की समीक्षा भी गई तथा बैगा, गुनिया सहित सभी पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए निर्देशित किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य, पहुंचविहीन केन्द्रों में चार माह के लिए खाद्यान्न का भंडारण और विद्यार्थियों का स्कूलों में प्रवेश तथा पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण की जानकारी भी ली गई। खरीफ सीजन में फसलों के लिए खाद-बीज की भी समीक्षा किया गया।

15 से 17 वर्ष के बच्चों को लगेगा को वैक्सीन का टीका

कोरोना से बचाव के लिए 12 से 14 वर्ष के बच्चों को कोर-बी वैक्स तथा 15 से 17 वर्ष के बच्चों को को-वैक्सीन का टीका लगाया जायेगा। महिला एवं बाल विकास के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानीन, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, पुलिस, नगरपालिका इत्यादि विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्री-कॉसन डोज का टीका लगाया जायेगा। इसके लिए आगामी शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में टीकाकरण शिविर भी लगाया जायेगा। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अब तक पहला एवं दूसरे डोज का टीका नहीं लगवाया है, उनका भी टीकाकरण किया जावेगा, इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का भी वैक्सीनेशन किया जावेगा।

अवैध वसूली की दलदल में धंस चुका प्रदेश : इंदर

कांकेर/नवप्रदेश। कांग्रेस भ्रष्टाचार का पर्याय बन गई है और प्रदेश के मुखिया भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वाले संरक्षक। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है भ्रष्टाचार के नये-नये आयाम स्थापित हो रहे है। मुख्यमंत्री बघेल के संरक्षण में उनके करीबी अधिकारी व कांग्रेस नेता भ्रष्टाचार करने के लिए बेलगाम हो गये है। उक्त आरोप धमतरी के पूर्व विधायक इंदर चंद चोपड़ा ने आज भाजपा कार्यालय कमल सदन में प्रेसवार्ता के दौरान लगाया। श्री चोपड़ा में कांग्रेस के भ्रष्टाचार की जानकारी देते हुए बताया कि विगत 30 जून को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के उप सचिव सौम्या चौरसिया व उनके करीबी कांग्रेसी नेता सूर्यकांत तिवारी के यहां पड़े आयकर विभाग के छापे में अकूत व अघोषित संपत्ति मिलने की जानकारी आयकर विभाग ने दी है। श्री चोपड़ा ने कहा कि इससे पहले भी सौम्या चौरसिया के यहां पड़े आयकर छापे में अघोषित संपत्ति मिली थी परंतु मुख्यमंत्री बघेल उक्त अधिकारी पर विपक्ष द्वारा कार्यवाही की मांग के बावजूद कार्यवाही करने के बजाय उन पर मेहरबानी दिखाते हुए उन्हें मुख्यमंत्री सचिवालय में बनाये रखा। ऐसा लगता है कि उक्त अधिकारी व सूर्यकांत तिवारी को भ्रष्टाचार करने के लिए मुख्यमंत्री का खुला संरक्षण है। श्री चोपड़ा ने बताया कि आयकर विभाग के इस छापे में 9.5 करोड़ की अघोषित नगदी व 4.5 करोड़ की ज्वेलरी बरामद हुई है साथ ही कोयले के ट्रांसपोर्ट से 200 करोड़ के अवैध वसूली के भी प्रमाण मिले है । इस जांच में 50 करोड़ की अचल संपत्ति के दस्तावेज के साथ ही सरकारी अधिकारियों को भी नगद भुगतान के साक्ष्य मिले है जो कि बहुत ही गंभीर मामला है । श्री चोपड़ा ने आगे बताया कि कांग्रेसी नेता सूर्यकांत तिवारी द्वारा कोरबा स्थित एक कोल वाशरी को लेने के लिए 45 करोड़ अघोषित नगद भुगतान के प्रमाण मिले है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री कार्यालय ही भ्रष्टाचार का अडडा व संरक्षक बना हुआ है व अवैध वसूली के दलदल में धंस चुका है। आयकर विभाग ने सन् 2020 में ही मुख्यमंत्री के करीबी दोषी अधिकारी पर कार्यवाही हेतु पत्र लिखा था परंतु जब भ्रष्ट अधिकारियों को प्रदेश के मुखिया का ही सरंक्षण हो तो इस पर कार्यवाही कौन करेगा? मुख्यमंत्री के इस आचरण से छत्तीसगढ़ महतारी का सिर शर्म से झुक गया है ।

अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की जवाबदेही हम सब की : कर्मा

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने अस्पताल प्रबंधन की ली बैठक

दंतेवाड़ा।/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में कार्यरत सफाई कर्मचारी अब जल्द ही पैरों मैं जूते, बेज, ग्लब्स, टोपी और ड्रेस पहने नज़र आएंगे। साथ ही अब महीने में एक दिन ब्लॉक मुख्यालयों में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम पहुँचेगी। स्वास्थ्य विभाग की बैठक मैं जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने सिविल सर्जन को यह निर्देश दिया। आज जिपं अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग की बैठक ली। इस बैठक मैं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, डीपीएम, बीएमओ समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। बैठक में तुलिका ने सभी बीएमओ से बारिश के मौसम में होने वाली बीमारियों के रोकथाम को लेकर किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। जिपं अध्यक्ष ने सभी बीएमओ को निर्देशित किया कि वह समय रहते आवश्यक दवाइयां, मच्छरदानी सभी सेंटरों में पहुचा दें ताकि ग्रामीणों को असुविधा ना हो। बीएमओ गीदम को बंद पड़े ब्लड बैंक स्टोरेज कक्ष को एक सप्ताह के भीतर शुरू करने का भी निर्देश दिया गया। अस्पताल में आपातकालीन स्थिति से निपटने तुलिका ने सिविल सर्जन को एक समिति बनाने को कहा यह समिति आपातकालीन स्थिति में मरीज को बेहतर उपचार के लिए मदद करेगा। जिपं अध्यक्ष ने सीएमएचओ व सिविल सर्जन को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों का उपचार समय पर हो साथ ही सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दें। लापरवाह अधिकारी-कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई हो।

प्रदेश में सबसे अधिक स्वावलंबी गौठान रायगढ़ के

रायगढ़। छत्तीसगढ़ सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में से महत्वपूर्ण सुराजी गांव योजना के गरूवा घटक के तहत अब तक राज्य में निर्मित एवं सक्रिय रूप से संचालित 8408 गौठानों में से 3089 गौठान स्वावलंबी हो गए हैं। स्वावलंबी गौठान गोबर खरीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण के लिए स्वयं के पास उपलब्ध राशि का उपयोग करने लगे हैं। स्वावलंबी गौठानों में शासन से राशि की मांग किए बिना 15 करोड़ 93 लाख रूपए का गोबर भी स्वयं की राशि से क्रय किया है। रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 279 गौठान स्वावलंबी हुए है। गौरतलब है कि राज्य में पशुधन के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा अब तक 10624 गांवों में गौठान के निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसमें से 8408 गौठानों का निर्माण पूरा हो चुका है और वहां पर गोबर खरीदी, वर्मी कम्पोस्ट के निर्माण सहित अन्य आयमूलक गतिविधियां संचालित हो रही है। वर्तमान में 1779 गौठानों का तेजी से निर्माण कराया जा रहा है शेष 444 गौठानों के निर्माण का कार्य अभी शुरू कराया जाना है। गौठानों में पशुधन के देखरेख, चारे-पानी एवं उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। गौठानों में पशुओं के लिए हरे चारे के प्रबंध के लिए हाईब्रिड नेपियर ग्रास का रोपण एवं अन्य चारे की बुआई कर चारागाह का विकास लगातार किया जा रहा है।

संयुक्त संचालक कृषि एवं गोधन न्याय योजना के सहायक नोडल अधिकारी श्री आर.एल.खरे ने बताया कि राजनांदगांव जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है, जहां स्वावलंबी गौठानों की संख्या 221 हो गई है।

हाथरस में हंगामा और यहां हाथ की सफाई, कांग्रेस का दोहरा चरित्र : शिवरतन पांडे

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा अटल सदन कार्यालय सुकमा में आज प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शिवरतन पांडे ने प्रेस वार्ता किया जिसमे उन्होंने कहा की 2 जुलाई की रात को अकलतरा नगर पालिका जांजगीर जिले में वार्ड 2 पोंडी भट्टा मोहल्ला में रात को एक अकेली महिला जिसकी उम्र 53 साल की थी, का बलात्कार होता है फिर दिल्ली के निर्भया कांड की तरह नृशंस हत्या कर दी जाती है। पुलिस की अधिकृत प्रेस विज्ञप्ति इस जघन्य अपराध की पुष्टि करती है। आरोपी सूरज भोई बाद में पकड़ा जाता है। वह अपना गुनाह कबूल करता है और नशे का जिक्र करता है। इसका भी वीडियो है। आज तक इस बात को लेकर कांग्रेस पार्टी से कोई प्रतिक्रिया नही आई है । हाथरस उत्तर प्रदेश में कोई घटना होती है तो राहुल गांधी और प्रियंका गांधी तुरंत पहुंच जाते हैं। प्रायोजित फर्जी भाभी का इंटरव्यू हो जाता है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और कांग्रेस के नेता राजनीति करने लग जाते हैं लेकिन जब छत्तीसगढ़ में किसी दलित बेटी के साथ ऐसी वारदात होती है तो ये उसे दबाने में लग जाते हैं। हर रोज गांव गांव शहर शहर दुष्कर्म हो रहे हैं। कहीं सरकार के अफसर आरोपी हैं तो कहीं पुलिस ही दुष्कर्म के आरोपी की एजेंट बनकर पीड़िता पर समझौता करने दबाव डालती है। छत्तीसगढ़ को भूपेश बघेल कहां ले जा रहे हैं। यहां पर मुंह क्यों बंद है ? कांग्रेस की सरकार में छत्तीसगढ़ की युवा पीढ़ी को सरकार क्यों भटका रही है। नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने और संस्कृति के नाम पर ढोंग करने वालों ने यह कैसा नवा छत्तीसगढ़ गढ़ दिया है। छत्तीसगढ़ नशे का गढ़ बन गया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को भूपेश बघेल सरकार की नशा संस्कृति ने जकड़ लिया है और इसकी वजह से पूरे प्रदेश में अपराध की बाढ़ आ गई है। खासकर महिलाओं की अस्मत जान पर बन आई है। गंभीर मामलों को दबाया जा रहा है। निगरानी शुदा बदमाश खुले आम घूम रहे हैं।

कार्यालय नगर पंचायत, भटगांव जिला -सूरजपुर (छ.ग.)

07775-268970, फैक्स नं. 07775-268970 ई-मेल cmobhatgaon@rediffmail.com

क्र. 2332/तकनीकी/न.पं./2022-23 भटगांव, दिनांक 06.07.2022

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत भटगांव द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदाएं प्रभावशील P.W.D.S.O.R. Building/Road 01/01/2015/ Electric 01.01.2015 से कम/समान/अधिक प्रतिशत दर से 03 लिफाफा में मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	लागत राशि (लाख में)	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय
1	वार्ड क्र. 15 में प्राईमरी स्कूल से राजू घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	19.16	
2	वार्ड क्र. 02 में प्राईमरी स्कूल से एप्रोच रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	17.96	दि. 01.08.2022 समय- 03.00 बजे
3	वार्ड क्र. 06 एवं 07 लल्लू वेल्डिंग दुकान से शमीम घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	13.58	
4	वार्ड क्र. 10 में धीरेन्द्र वेल्डिंग दुकान से गणेश घर तक बी.टी. रोड निर्माण कार्य।	4.88	
5	वार्ड क्र. 10 में निरंजन विश्वकर्मा घर से संजीव पटेल घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	3.77	
6	वार्ड क्र. 10 में संजय चौधरी घर से रंजुला झा घर तक आर.सी.सी. ड्रेन निर्माण कार्य।	5.50	
7	वार्ड क्र. 05 में पौनी पसारी में नाली निर्माण कार्य।	5.94	
8	वार्ड क्र. 12 कालीबाड़ी के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	1.19	
9	वार्ड क्र. 14 में अशोक पटेल घर से अभिषेक सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	5.30	
10	वार्ड क्र. 11 में मेन रोड से छठ घाट पहुंच मार्ग तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	2.71	
11	वार्ड क्र. 11 में विक्की सिंह घर से इरफान घर तक नाली निर्माण कार्य।	5.83	
12	वार्ड क्र. 14 में लाभराज घर से बाबु घर तक नाली निर्माण कार्य।	4.37	
13	वार्ड क्र. 14 में किस्टो मोदी घर से प्रभात घर तक नाली निर्माण कार्य।	1.31	
14	वार्ड क्र. 06 में नसीम घर से पम्प हाउस तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	2.12	
15	वार्ड क्र. 06 में पतरू घर से रमाशंकर घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	0.68	
16	वार्ड क्र. 07 में एस.एल.आर.एम. से मेन रोड तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (शेष कार्य)	11.22	
17	नगर पंचायत भटगांव क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 सिवारीपारा में पेयजल हेतु पाईप लाईन विस्तार कार्य।	9.70	
18	वार्ड क्र. 13 में प्रशांत घर से जितेन्द्र घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.53	
19	वार्ड क्र. 13 में राजू पाण्डेय घर से सनोज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.53	
20	वार्ड क्र. 06 में मेन रोड से शिवमंदिर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	0.54	
21	वार्ड क्र. 11 में गोलू फोटो कापी से संतोष दुकान तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.25	
22	वार्ड क्र. 11 में सचिन घर से विनीत घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.78	
23	वार्ड क्र. 03 में पन्ना लाल सोनी घर से नंदलाल घर तक नाली निर्माण कार्य।	3.59	
24	करबला के समीप सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	1.74	
25	वार्ड क्र. 11,13 एवं 14 में सी.एम.ओ. आवास से गांधी चौक तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य।	18.60	
26	वार्ड क्र. 06, 08 एवं 10 में एस.ई.सी.एल. हॉस्पिटल से बस स्टैण्ड तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य।	18.60	
27	वार्ड क्र. 05 एवं 06 में सामुदायिक शौचालय में सी.एच. पी. चौक तक सड़क प्रकाश विस्तारीकरण कार्य।	13.29	
28	वार्ड क्र. 06 में पुष्पवाटिका से शमीम घर तक नाली निर्माण कार्य।	14.33	
29	वार्ड क्र. 03 में मेन रोड से संतु घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	8.03	
30	वार्ड क्र. 03 में पप्पु देवांगन घर से रमेश चेरवा घर तक नाली निर्माण कार्य।	2.95	
31	वार्ड क्र. 03 में पूजा पंडाल से शंकर विश्वकर्मा घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	0.90	
32	वार्ड क्र. 03 में संजय सिंह घर के पास नाली निर्माण कार्य।	0.34	
33	वार्ड क्र. 01 में संतोष घर से संधारी घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	9.17	
34	वार्ड क्र. 14 में कमलेश कुशवाहा घर से दुर्गेश घर तक नाली निर्माण कार्य।	2.61	
35	वार्ड क्र. 14 में पोस्ट ऑफिस से मदरसा तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.10	
36	वार्ड क्र. 15 में शैलेन्द्र सिंह घर से आर.के. पाण्डेय घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.41	
37	वार्ड क्र. 15 में ओ.पी. यादव घर से पुखराज घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.47	
38	वार्ड क्र. 15 में गौतम सिंह घर से स्टाफ क्लब तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.87	
39	वार्ड क्र. 15 में दिलीप मंडल घर से एस.के. सिंह बघेल घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	2.09	
40	वार्ड क्र. 15 में प्रमोद घर से एच.के. सिंह घर तक फुटपाथ निर्माण कार्य।	1.78	
41	वार्ड क्र. 07 में हाट बाजार के समीप वेंडर्स मार्केट निर्माण कार्य।	9.98	

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, भटगांव
जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

बदल रहा बस्तर, हथियाए छोड़ पुनर्वास नीति से अब बदलने लगे माओवादी

- 13 लाख के दो ईनामी नक्सलियों ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष किया आत्मसमर्पण

कांकेर/नवप्रदेश। सुन्दरराज पी. (भा.पु.से) पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर बालाजी राव (भा.पु.से) पुलिस उप महानिरीक्षक कांकेर रेंज कांकेर के मार्गदर्शन,शलभ कुमार सिन्हा (भा.पु.से) पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में नक्सलियों के विरूद्ध चलाये जा रहे नक्सल उन्मुलन अभियान एवं शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर तथा नक्सलियों के खोखली विचारधारा उनके शोषण, अत्याचार एवं हिंसा से तंग आकर सी.पी.आई. माओवादी संगठन अंतर्गत सक्रिय कई नक्सली घटनाओं में शामिल महिला एवं पुरूष नक्सली (01) नीला उर्फ असन्तीन उर्फ असोन्तीन उईके पिता स्व0 फागू राम उइके पति रितेश उर्फ मुन्ना उर्फ करण उर्फ विलियम हेमला उम्र 33 वर्ष साकिन किलेनार थाना रावघाट जिला कांकेर एमएमसी जोन के के.बी. डिवीजन अंतर्गत बोड़ला एरिया कमेटी (दल) डीव्हीसी सचिव ईनाम 08 लाख रुपये एवं जिला धमतरी पुलिस के सहयोग से (02) मुकेश उर्फ सूकलू गावड़े पिता दसरू राम गावड़े उम्र 26 वर्ष साकिन करकापाल थाना कोड़ेकुर्से जिला कांकेर उत्तर बस्तर डिवीजन अंतर्गत रावघाट एरिया कमेटी सदस्य ईनाम 05 लाख रुपये इनामी नक्सली ने 6जुलाई 2022 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जिला उत्तर बस्तर कांकेर में शलभ कुमार सिन्हा (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक कांकेर के समक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय कांकेर के सभागृह में आत्मसमर्पण किया। उक्त आत्मसमर्पित महिला नक्सली एवं पुरूष नक्सली को प्रोत्साहन राशि 10-10 हजार रूपये नगद प्रदान किया गया एवं शासन से प्राप्त सहायता नियमानुसार प्रदाय की जावेगी।

आत्मसमर्पित नक्सली नीला उर्फ असंतीन

वर्ष 2003 में नक्सली संगठन के केशकाल दलम कमांडर सुभाष ने दलम में भर्ती किया। वर्ष 2003 से 2004 तक केशकाल दलम सदस्या रही। वर्ष 2004 से 2008 तक पश्चिम बस्तर क्षेत्र के सीसी प्रोटेशन प्लाटून नम्बर-06 सदस्या, वर्ष 2008 से 2018 तक सीसी प्रोटेकशन कंपनी नंबर-07 के प्लाटून नम्बर 02 डीव्हीसी/उपकमाण्डर एवं वर्ष 2018 से अब तक एमएमसी जोन के के.बी. डिवीजन अंतर्गत बोड़ला एरिया कमेटी (दल) डीव्हीसी सचिव के रुप में कार्यरत थी।

वर्ष 2004 में पश्चिम बस्तर क्षेत्र के ग्राम ताकीलोर सीआरपीएफ कैम्प पर हमला की घटना में शामिल थी, जिसमें सीआरपीएफ के 02 जवान शहीद हुये।वर्ष 2007 अप्रैल माह में उडी़सा के नयागढ़ पुलिस मुख्यालय में हमला की घटना में शामिल थी, जिसमें पुलिस के 18 जवान शहीद हुये। घटना के बाद ग्राम घोचमा में पहुंच कर ट्रक से हथियार को उतार रहे थे तभी पुलिस पार्टी के साथ मुठभेड़ में पुलिस का कमाण्डर व अन्य 05 पुलिस कर्मी शहीद हुये।वर्ष 2007 अप्रैल-मई माह में उडी़सा क्षेत्र के बालमेला नदी के पास सीआरपीएफ जवानों पर एम्बुश लगाकर हमला की घटना में शामिल थी।जिसमें सीआरपीएफके 25 जवान शहीद हुये।वर्ष 2007 सितम्बर माह में धौड़ाई थाना/कैम्प का रैकी कर हमला करने की घटना में शामिल थी। वर्ष 2009 जनवरी माह में ग्राम भटबेड़ा में पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी।

आत्मसमर्पित नक्सली मुकेश उर्फ सूकलू गावड़े

वर्ष 2009 में नक्सली संगठन के कोड़ेकुर्से दलम कमांडर फुलो नेताम ने दलम में भर्ती किया। वर्ष 2009 में 03 माह तक कोड़ेकुर्से दलम सदस्य रहा। वर्ष 2009 से 2014 तक उत्तर बस्तर डिवीजन के परतापुर क्षेत्र के मेंढ़की दलम सदस्य, वर्ष 2014 से अब तक उत्तर बस्तर डिवीजन अंतर्गत रावघाट एरिया कमेटी सदस्य के रुप में कार्यरत था।

वर्ष 2015 में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम हेटारकसा निवासी ग्रामीण का अपहरण कर मारपीट की घटना में शामिल था।वर्ष 2015 दिसंबर माह में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ढुट्टा एवं मरकानार के मध्य बम विस्फोट की घटना में शामिल था।जिसमें पुलिस के 02 पुलिस कर्मी शहीद हुये।वर्ष 2015 में थाना कोयलीबेड़ा के मण्डलीपारा में एनीकट निर्माण कार्य में लगे मशिन/वाहनों में आगजनी की घटना में शामिल था।वर्ष 2016 में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम केसोकोड़ी एवं चिलपरस के मध्य पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल था।वर्ष 2018 में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम मरकानार निवासी ग्रामीण रामूराम दर्रो की लाठी-डण्डे से मारपीट कर हत्या करने की घटना में शामिल था।वर्ष 2019 में थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम चिलपरस में पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल था।

वृक्षारोपण का महाअभियान 16 जुलाई से, तीन लाख पौधे रोपने का लक्ष्य

- समय-सीमा की पहली बैठक में कलेक्टर डॉ भुरे ने तय की कार्य योजना
- शासकीय कार्यालयों में पौधा वितरण के लिए स्टॉल लगेंगीं
- बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा हुई, कलेक्टर ने दिए ज़रूरी निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। अपनी पहली समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने शासकीय कार्यक्रमों और विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए ज़िले में वृक्षारोपण महा अभियान की तैयारियां करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में वृक्षारोपण महा अभियान के लिए पौधों की उपलब्धता. भूमि का चयन आदि तैयारियाँ अगले एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिए। ज़िले में एक साथ 16 जुलाई को पेड़ लगाने का

अभियान होगा। इस अभियान में पूरे ज़िले के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग तीन लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार वृक्षारोपण महा अभियान में शासकीय अधिकारियों से लेकर आम ज़नो की भी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित की जाएगी। शासकीय कार्यालयों में पौधों की उपलब्धता के के लिए वितरण स्टाल बनेंगे। आमजन इन दफ़्तरों से पौधें लेकर अपने घरों और चिह्नांकित ज़मीन पर लगा सकेंगे। वृक्षारोपण के लिए जन जागरूकता और पेड़ लगाने के लिए पार्षदों, सरपंचों सहित जनप्रतिनिधियों और समाज सेवी संस्थाओं की भी मदद ली जाएगी। सभी सरकारी कार्यालयों में भी उपलब्ध जमीन पर पौधे लगाए जाएँगे। नगर निगम रायपुर द्वारा तेलिबांधा से टाटीबंध तक सड़क के बीच उपलब्ध डिवाइडर पर भी पौधें लगाए जाएँगे। कलेक्टर के निर्देश पर इस बार उपयोगिता और स्थान के अनुसार पौधे लगाए जाएंगे। सरकारी भवनों, स्कूलों, रिहायशी इलाकों में फलदार- छायादार पेड़ लगेंगे तो सड़क किनारे और डिवाइडर्स पर प्रदूषण शोषक पेड़ लगाए जाएंगे। वन और उद्यानिकी विभाग ग्राम पंचायत, नगरीय निकाय कार्यालय तक माँग अनुसार संख्या में पौधे उपलब्ध कराएँगे। अभियान हरेली तिहार तक चलेगा।

सरकारी योजना का लाभ दिलाने का हो प्रयास:

कलेक्टर डॉ भुरे ने आज अपनी समय सीमा की पहली बैठक में सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा की और अंतरविभागीय समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासकीय जनहितकारी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्थिति में कोई भी पात्र हितग्राही शासकीय योजना से वंचित ना हो। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी पात्र लोगों को सरकारी योजना का लाभ समय सीमा में दिलाने का प्रयास किया जायें और अपात्र लोगों को भी स्पष्ट सूचना दी जाये, ताकि भ्रम की स्थिति ना रहे और लोग बेवजह परेशान ना हो।

रेल संकट बनी लाखों यात्रियों के लिए मुसीबत

अजीत जोगी युवा मोर्चा ने किया सांसद सुनील सोनी निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन

- सांसद निवास के बाहर नगाड़ा एवं भोपू बजाकर अजीत जोगी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रेल समस्या को लेकर आज अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी के निवास के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने सांसद निवास के बाहर नगाड़ा एवं भोपू बजाकर तथा प्रतीकात्मक रूप से रेलवे टीटी और परेशान यात्रीगण के द्वारा रेल समस्या से निजात दिलाने के लिए सांसद सोनी निवास का घेराव किया गया। इस दौरान परेशान यात्रीगण सांसद सुनील सोनी के निज सचिव को रायपुर से दिल्ली का टिकट भेंट किया और रेल समस्या को समाप्त करने की मांग की गई।

अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष प्रदीप साहू ने छत्तीसगढ़ में भीषण रेल संकट के लिए केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों रूलिंग पार्टियों को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा राज्य सरकार की नाकामी और केंद्र सरकार के सौतेला व्यवहार का नतीजा छत्तीसगढ़ के लाखों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। जिसके विरोध में आज सांसद निवास के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदीप साहू ने कहा कोयला परिवहन के नाम पर पिछले लगभग चार महीनों से रेल मंत्रालय छत्तीसगढ़ से गुजरने वाली लगभग सभी प्रमुख ट्रेनों को निरंतर रद्द कर रहा है, जिससे प्रदेश के 15 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं।शादी-ब्याह, खेती-किसानी के सीजन में ट्रेनों के आये दिन रद्द होने से आम जनता में खासा आक्रोश है।रोजी-रोटी कमाने ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदीप साहू ने कहा छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है और बदले में रेल मंत्रालय ही छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। वहीँ छत्तीसगढ़ के सांसद इस मामले में चुप्पी साधे बैठे हुए हैं जो छत्तीसगढ़ की जनता के साथ धोखा है। विशेषकर रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी की जिम्मेदारी बनती है कि वह छत्तीसगढ़ की इस बड़ी समस्या को लेकर राजधानी से गुजरने वाली ट्रेनी जो लगातार रद्द हो रही है उस पर अपनी आवाज उठाएं और इस समस्या से निजात दिलाएं।

प्रदीप साहू ने कहा आखिर सांसद सुनील सोनी को राजधानी की जनता ने दिल्ली में पुतला बनकर बैठने नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के हित और अधिकारों के लिए आवाज़ उठाने चुना है। केंद्र सरकार की असंवेदनशीलता और राज्य सरकार की निष्क्रियता का खामियाजा छत्तीसगढ़ की आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।रेल संकट का मुद्दा किसी दल का नहीं बल्कि यह छत्तीसगढ़वासियों के रोजमर्रा के जीवन से जुड़ा मुद्दा है।यदि एक सप्ताह के अंदर रेल समस्या का हल नहीं किया जाता है तो आगे अजीत जोगी युवा मोर्चा बड़ा आंदोलन करेगी।

प्रदर्शन में प्रमुख रूप से अजीत जोगी युवा मोर्चा के पार्षद वेद राम साहू, भगत हरबंस, ओमप्रकाश साहू, हरीश कोठारी, रिंकू वर्मा, नरेश जोशी, चेतन आडील, हरीश वर्मा, अनिल बांधे, दिन दयाल कुर्रे, प्रेम साहू, संदीप ठाकुर, रोहित साहू, रजत साहू, प्रवीण बंजारे, संजय सोनवानी, जीवन साहू, शेरु साहू, राजकुमार अश्वनी, जांघेल लोकनाथ, नारायण निषाद, भागवत साहू, वासु मानिकपुरी, नजीब अशरफ , अफ सार कुरैशी, राजा, नावेद कुरैशी, अनिल भारती, विक्रम नेताम, मनीष धीवर, सन्नी तिवारी आदि उपस्थित थे।

महिलाओं को भयमुक्त सुरक्षित वातावरण देना कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता : ठाकुर

- विष्णुदेव अपने गिरेबान में झांक कर बताये भाजपा राज में महिलाओं की स्थिति क्या थी : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में कानून का राज है। यहां किसी भी तरह का कोई अपराधी बच नहीं सकता। किसी भी घटना के आरोपी जल्द से जल्द कानून की गिरफ्त में होते हैं। जांजगीर चांपा जिले में दुष्कर्म और हत्या की वारदात अक्षम्य है। ऐसी घटना के आरोपी कोई हो उनको बख्शा नहीं जायेगा। पुलिस ने आरोपी का पता लगाकर जल्द से गिरफ्तार किया है। कानून से बड़ा कोई अपराधी नहीं हो सकता। भाजपा के राज में तो ज्ञात अपराधी भी खुले आम घूमते थे। भाजपा ने पंद्रह साल तक जंगल राज चलाया। महिलाओं के लिये जीवन जीने के लिये भय मुक्त वातावरण देना कांग्रेस सरकार की पहली प्राथमिकता है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि विष्णुदेव अपने गिरेबान में झांक कर बताये कि भाजपा राज में गायब छत्तीसगढ़ की हजारों बेटियां कैसे गायब हो गयी। वे बतायें की भाजपा के राज में झलियामारी जैसे कांड क्यों होते थे, खलको जैसी घटनाएं किसके संरक्षण में होती थीं? भाजपा राज के मुख्यमंत्री रमन सिंह के ओएसडी किसके संरक्षण में नाबालिग बच्ची को बंधक बनाकर बलात्कार कर रहे थे, भेद खुला तो पीड़िता बच्ची के परिवार तक का अपहरण कर लिया। जिनका ऐसा चरित्र, चाल और चेहरा सामने आ चुका है, वे दुष्कर्म की वारदात पर राजनीति कर रहे हैं।

जिपं सामान्य सभा की बैठक 15 जुलाई को

रायपुर। जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक 15 जुलाई को सबेरे 11 बजे से कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। पूर्व में यह बैठक 22 जुलाई को आयोजित थी, किन्तु विधानसभा सत्र प्रारंभ होने के कारण तिथि में परिवर्तन किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी संबंधितो को नियत स्थान एवं समय पर उपस्थित होने का आग्रह किया।

जिला पंचायत में जल शक्ति केन्द्र शुरू

रायपुर। जिला पंचायत रायपुर कार्यालय में जल शक्ति केन्द्र शुरू हो गया है। इस कार्यालय का हेल्पलाइन मोबाइल नंबर 94252-51271 है। पूरे प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जल शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। रायपुर जिले कें ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण और संवर्धन संबंधी जानकारी और समस्याओं का निराकरण के लिए हेल्प लाइन नंबर पर फोन कर मदद ली जा सकती है।

कलेक्टर ने खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा

रायपुर। समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर डॉ भूरे ने जिले में खाद-बीज भण्डारण वितरण की समीक्षा की। उन्होंने जिला विपणन अधिकारी और उप संचालक कृषि से विकासखंडवार बीज - रासायनिक खाद विशेषकर डी.ए.पी खाद के भण्डारण और वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर ने डी.ए.पी खाद की कमी पर यूरिया और सुपर फास्फेट को मिलाकर खेतों में उपयोग करने की सलाह किसानों को दी। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिलें में चालू खरीफ मौसम में लगभग 13 हजार मीट्रिक टन डी.ए.पी भंडारित करने का लक्ष्य था। जिसमें से अब तक लगभग 11 हजार मीट्रिक टन डी.ए.पी का भण्डारण सहकारी समितियों में हो चुका है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि अगले दस दिनों में शेष दो हजार मीट्रिक टन डी.ए.पी की भी आपूर्ति जिले को होने की संभावना है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय-राजस्व अधिकारियों को पूरे खरीफ मौसम के दौरान बीज-खाद सहित खेती किसानी के लिए जरूरी आदान सामाग्रियों की उपलब्धता पर नजर रखने के निर्देश दिए।

कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा डॉक्टर्स डे पर सम्मानित किए गए चिकित्सक

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है। जो गुणवत्तापूर्ण बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को भी पूर्ण करने में विश्वास रखता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर डॉक्टरों के अभुतपूर्व योगदान पर चर्चा के उपरांत आठ चिकित्सकों को शॉल, श्रीफल और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

विदित हो कि भारत के महान चिकित्सक डॉ. विधानचंद्र राय के जन्म एवं निर्वाण दिवस पर कलिंगा विश्वविद्यालय के द्वारा प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। डॉक्टर्स डे पर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न छात्रावासों के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. ए. विजय आनंद ने कहा कि मानवता की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। अपनी जान की परवाह ना करके डॉक्टर्स और चिकित्सा कर्मी मरीजों की सेवा में लगे रहते हैं। वह अपनी जिंदगी की परवाह किए बगैर मानवता की रक्षा के लिए अपनी ऊर्जा और क्षमता के माध्यम से बुरे से बुरे समय में मानवहित की रक्षा के लिए सराहनीय कार्य करते रहे हैं। आज चिकित्सकों का सम्मान करने से वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

विश्वविद्यालय के यंग इंडियन शाखा की समन्वयक और सिविल इंजीनियरिंग विभाग की सहा. प्राध्यापक सुश्री स्वाति अग्रवाल ने चिकित्सकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। कोरोना काल में चिकित्सकों की बदौलत ही लाखों लोगों की जान बच पाई है। डॉक्टरों के सहानुभूति और सहनशील व्यवहार से रोगी आधा ठीक हो जाता है।

इस आयोजन के पश्चात स्वास्थ्य मंत्रालय ,नया रायपुर के सहा. निर्देशक डॉ. शैलेंद्र अग्रवाल, आरंग ब्लॉक के ब्लॉक चिकित्साधिकरी डॉ. के. एस. राय, नेत्र चिकित्सक डॉ. मनीष श्रीवास्तव, होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. नीता शर्मा, दंत चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र मातावाले, राखी हॉस्पिटल के डॉ. संजय नवल, नया रायपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आर. के. श्रीवास्तव और डॉक्टर निखिल मोरीरमानी की कार्यस्थली पर जाकर उनको सम्मानित किया गया।

विश्वविद्यालय में आयोजित उक्त सम्मान समारोह का संचालन सुश्री स्वाति अग्रवाल और धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ए. विजय आनंद ने किया।इस अवसरपर विश्वविद्यालय की नर्सिंग स्टॉफ, चिकित्सा कक्ष के कर्मचारी और छात्रावास के विद्यार्थियों के साथ अनेक प्राध्यापक उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में पड़े आईटी के छापे भाजपा के देशव्यापी राजनैतिक अभियान का हिस्सा है : कांग्रेस

- रमन सिंह के पत्रकार वार्ता पर कांग्रेस का पलटवार

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि रमन सिंह के बयान से यह साफ हो गया कि छत्तीसगढ़ में पड़े आईटी के छापे भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी राजनैतिक अभियान का हिस्सा है। भाजपा जहां पर अपने विरोधी दलों से राजनैतिक रूप से नहीं निपट पाती वहां पर वह आईटी, ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों को आगे करती है। आईडी ने छापेमारी किया है। कुछ गलत मिला होगा तो वह विधिसम्मत कार्यवाही करेगी लेकिन आईटी की कार्यवाही के आधार पर रमन सिंह

और भाजपा जो बयानबाजी कर रहे उससे इस कार्यवाही की मंशा पर सवाल खड़े हो रहे। देशभर में आईटी और ईडी भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा संगठन की भांति काम कर रही है। इनकी कार्यवाही और कार्यप्रणाली दोनों लगातार सवालों के घेरे में रहती है। भाजपा बतायें कि पिछले 8 साल में कितने भाजपा और भाजपा के सहयोगी दलों के लोगों के यहां छापे की कार्यवाही की गयी? देश में सारी अनियमितता विरोधी दल के लोग ही कर रहे है, भाजपा और उसके सहयोगी दल के नेता दूध के धुले हुए हैं? ईडी, आईटी और भाजपा का जो नापाक गठबंधन देशभर में दिख रहा, लोग जानना चाहते है ये रिश्ता क्या कहलाता है?

कलेक्टर की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक संपन्न

रायपुर। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे की अध्यक्षता में आज यहा कलेक्टोरेट परिसर स्थित रेडक्रास सभाकक्ष में रायपुर जिला अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी की साधारण सभा की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सिटी बस संचालन एवं संधारण, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल भाठागांव के पीछे बसों के पार्किंग व्यवस्था की सुदृढ़ एवं व्यवस्थित करने, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगरीय निकायों में संचालित एम.एम.यू तथा श्री धनवंतरी मेडिकल स्टोर के निर्माण एवं संचालन की अनुमति के प्रकरण सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सिंगल यूज प्लास्टिक पर भ्रांति हुई दूर

- चैंबर ने पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर का आभार व्यक्त किया

रायपुर/नवप्रदेश। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने सिंगल यूज़ प्लास्टिक उत्पादों पर निहित भ्रम को दूर करने के लिए दो दिन पहले पर्यावरण मंत्री मोहम्मद अकबर से मुलाकात की थी, जिसके बाद विभाग ने इस संबंध में भ्रांति दूर करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंधित वस्तुओं की लिस्ट जारी करते हुए आशंकाओं को खत्म किया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इसके लिए पर्यावरण मंत्री मो. अकबर का धन्यवाद ज्ञापित किया है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर के प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी के नेतृत्व में चेम्बर प्रतिनिधि मंडल ने 4 जुलाई 2022 को पर्यावरण मंत्री छत्तीसगढ़ शासन श्री मोहम्मद अकबर जी से मुलाकात कर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में चर्चा कर व्यापारियों में व्याप्त भ्रांतियों के समाधान के लिए आग्रह किया था।

चेम्बर की मांग को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पर्यावरण मंत्री श्री मोहम्मद अकबर जी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा इस संबंध में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल अटल नगर नया रायपुर, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल द्वारा जारी पत्र क्रमांक 2430/ मु. /तक / छ.ग.प.सं.म./2022 दिनांक 05/07/2022 द्वारा अधिसूचना जारी की गई। चैंबर की मांग को तत्काल पूर्ण करने के लिए चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष परवानी ने छत्तीसगढ़ चेम्बर एवं प्रदेश के समस्त व्यापारियों की ओर से पर्यावरण मंत्री मो. अकबर जी एवं छत्तीसगढ़; पर्यावरण संरक्षण मंडल विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त क धन्यवाद ज्ञापित किया।

टीबी हारेगा छत्तीसगढ़ जीतेगा के नारे से गूंजा विद्यालय

टीबी के प्रति जागरूकता के लिये विद्यालयों में किए जा रहे है जागरूकता कार्यक्रम

रायपुर/नवप्रदेश। टीबी के संक्रमण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से विद्यालयों में जाकर छात्र छात्राओं को टीबी के संक्रमण के प्रति जागरूकता लाने के लिए टीबी चैंपियन द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों का मूल उद्देश्य टीबी के लक्षण को पहचान कर संभावित रोगी को शीघ्र से शीघ्र निशुल्क चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है। साथ ही लोगों को बचाव के तरीके से भी अवगत कराना है।

टीबी चैंपियन चमेली देवांगन ने बताया: '' विकासखंड में टीबी चैंपियन द्वारा विद्यालयों में और डोर टू डोर सर्वेक्षण में जा कर लोगों को टीबी रोग के बारे में जानकारी दी जाती है । और विशेष रूप से टीबी चैंपियन द्वारा लोगों को यह बताया जाता है, कि दो सप्ताह या उससे अधिक समय तक खांसी का होना या खांसी के साथ बलगम आना कभी-कभी थूक में खून आना या वजन का कम होना भूख ना लगना सांस लेते हुए सीने में दर्द की शिकायत होना । शाम या रात के समय बुखार आने लक्षण हैं तो तुरंत नजदीक के शासकीय स्वास्थ्य केंद्र में दिखाए । शासन द्वारा टीबी का निशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जाता है । जागरूकता कार्यक्रम के अंत में टीबी हारेगा छत्तीसगढ़ जीतेगा के नारे भी छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए ।

विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक ममता सुनानी ने बताया ''टीबी चैंपियन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से छात्र-छात्राओं को टीबी संक्रमण के बारे में जानकारी एवं उसके इलाज के बारे में बताया जा रहा है।विद्यालयों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में टीबी संक्रमण की जानकारी और उससे बचाव के कार्यक्रम में नौवीं से बारहवीं तक की छात्र छात्राओं को जानकारी दी जाती है इस जानकारी का मूल उद्देश्य अपने आसपास संभावित टीबी रोगियों की पहचान करना और उन्हें जल्दी से जल्दी शासन द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ दिलाना है। लोगों को जागरूक करने का उद्देश्य टीबी के प्रति चली आ रही रूढ़िवादिता को खत्म करना और लोगों को यह भी बताना है, कि टीबी लाइलाज बीमारी नहीं है। टीबी का इलाज है, टीबी छुपाने का रोग नहीं, बल्कि डॉक्टर को सही समय पर दिखाना चाहिए।

कैसे फैलता है टीबी

टीबी के बैक्टीरिया सांस द्वारा शरीर में प्रवेश करते हैं। किसी रोगी के खांसने, बात करने, छींकते,थूकते समय बलगम या थूक की छोटी-छोटी बूंदें हवा में फैलना उपस्थित बैक्टीरिया कई घंटों तक हवा में रहते हैं। जो स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में सांस के माध्यम से प्रवेश करके रोग पैदा करते हैं। एक मरीज 15-20 स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है।

टीबी से बचाव

टीबी की दवाई को बिना डॉक्टरी सलाह के बंद नहीं करना । टीबी से बचाव के लिए जन्म के एक वर्ष के भीतर शिशु को बीसीजी का टीका लगवाना चाहिए। खांसते, छींकते समय मुंह को ढक कर रखें। आसपास साफसफाई का विशेष ध्यान रखें।

मेडिकल कॉलेज के लिए चिन्हित भूमि व भवन का अवलोकन करने पहुंची कोरबा सांसद महंत

डीन डॉ. मेश्राम ने तैयारियों की दी विस्तृत जानकारी

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने कोरबा मेडिकल कॉलेज को जल्द से जल्द प्रारंभ कराने का अपना प्रयास जारी रखा है। इस कड़ी में वे मेडिकल कॉलेज भवन के लिए चिन्हित 100 एकड़ भूमि का अवलोकन करने पहुंचीं। सांसद को मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम ने आवश्यक प्रक्रियाओं और तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि जल्द ही कॉलेज प्रारंभ करा लिया जाएगा। भूमि का निरीक्षण करने उपरांत सांसद ने मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण कर यहां लैब, लाइब्रेरी सहित अन्य जरूरी सुविधाओं को विकसित करने कहा। मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध जिला चिकित्सालय पहुंचकर यहां ओपीडी, ओटी, आईसीयू वार्ड का अवलोकन किया। इस दौरान आईसीयू में उपचाररत कटघोरा के कांग्रेस नेता अमन हसन की माता जिलानी बेगम सहित वार्डों में भर्ती अन्य मरीजों का कुशलक्षेम जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। मरीजों से अस्पताल में मिलने वाले उपचार आदि की जानकारी भी ली। सांसद ने जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के साथ ही आने वाले मरीजों को त्वरित उपचार लाभ देने के निर्देश दिए। इस दौरान सांसद के साथ सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अजीत दास महंत, किरण चौरसिया, अभिषेक बाजपेयी, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, अधीक्षक डॉ. गोपाल कंवर, उप अधीक्षक डॉ. रवि जाटवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीबी बोर्डे, सिविल सर्जन डॉ. स्वाति सिसोदिया, सीपीएम अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

100 एकड़ जमीन चिन्हित

पिछले दिनों ही कोरबा प्रवास के दौरान सांसद ने कोरबा मेडिकल कॉलेज के उप अधीक्षक डॉ. रवि जाटवर को तलब कर उनसे तैयारियों के संबंध में जानकारी ली थी। सांसद को यह भी बताया गया था कि 100 एकड़ जमीन मेडिकल कॉलेज के लिए अग्रिम आधिपत्य देते हुए एसडीएम के द्वारा सौंप दिया गया है। टीम के द्वारा कोरबा मेडिकल कॉलेज का अंतिम सत्यापन के दौरान मिली कमियों को दूर कर लिया गया है। सीटी स्केन मशीन की जरूरत थी जिसकी खरीदी के लिए स्वीकृति दे दी गई है और खरीदी की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ कर ली जाएगी।

स्कूल की समस्याओं को लेकर एबीवीपी व छात्रों ने निकाली रैली, एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

सारंगढ़/नवप्रदेश। नव प्रस्तावित सारंगढ़ जिले के सारंगढ़ नगर के हिंदी माध्यम स्कूल शासकीय बहुछेशीर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की समस्याओं को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने रैली निकाल कर एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए व्याप्त समस्याओं को तत्काल दूर करने की मांग की गई है। ज्ञापन में बताया गया है कि इस शिक्षा सत्र 2022 -23 में नवीन प्रवेश अभी तक किसी छात्र का नहीं हुआ है सिर्फ आवेदन लिया गया है व अन्य ब्लॉक के विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जा रहा है। सिर्फ कुछ ही दूरी तक का ही प्रवेश फ ार्म दिया जा रहा है। स्कूल में शिक्षकों की कमी भी है। विद्यालय में कार्यरत लगभग 99 प्रतिशत शिक्षकों का अन्यत्र स्थानान्तरण कर दिया गया है जिससे विद्यालय में पढ़ाई बाधित हो रही है तथा छात्रों का भविष्य अंधकारमय हैं वहीं विद्यालय के छात्र छात्राओं हेतु गणवेश परिवर्तन कराया जा रहा है गरीब विद्यार्थी गणवेश परिवर्तन करने में अक्षम है विद्यालय का नाम आत्मानंद अंग्रेजी व शासकीय बहू उच्च माध्यमिक विद्यालय दोनों के मेन गेट पर हो ताकि विद्यार्थी भ्रमित ना रहे पूर्व की भांति अध्ययन करें हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम दोनों के छात्रों से व्यवहार में अंतर हैं अंग्रेजी छात्रों के लिए पर्याप्त सुविधा है तथा हिंदी के लिए पर्याप्त शिक्षक व अन्य व्यवस्था नहीं है तथा इनका कार्यालयीन कार्य व अन्य गतिविधियों पूर्व की भांति नहीं संचालित हो पा रही है इसलिए आज हम स्कूल से निकल कर रैली निकाल कर विभिन्न सुविधाओं को मांग कर रहे हैं उक्त विभिन्न मांगों को 7 दिवस के अंदर पूर्ण नहीं होने पर हम उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन की मांग पूर्ण होते तक करेंगे इस तरह से आज हमारे द्वारा रैली निकालकर मांगों को एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया है

4 वार्डों के 30 लोग डायरिया से पीड़ित

सारंगढ़/नवप्रदेश। बारिश का मौसम शुरू होते ही मौसमी बीमारी का प्रकोप शुरू हो जाता है जिससे नगर के चार वार्डों में उल्टी दस्त डायरिया का मरीज प्रतिदिन मिल रहे जिन्हें नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है जिसमें पांच लोगों की स्थिति गंभीर होने से उन्हें रायगढ़ किया गया है वहीं नगर के वार्ड 5 स्विपर पारा एवं 15 रेंजर पारा और 4 व 12 वार्डों में डायरिया (उल्टी /दस्त) संक्रमण फैलने की सुचना मिल रही है लगभग 25 से 30 लोग सामुदायिक स्वस्थ केंद्र सारंगढ़ मे भर्ती है डॉक्टर द्वारा बताया गया है कि गंदे पानी के सेवन से साथ कुछ मौसमी शब्जियों के सेवन से यह डायरिया नामक संक्रमण फैलने की आशंका जाहिर किया गया है बी एम ओ डां आर.एल. सिदार के निर्देश पर डॉक्टर किरण चौहान द्वारा भर्ती मरीजों का इलाज किया जा रहा है साथ ही 5 गंभीर मरीजों को रायगढ़ भी रेफर किया गया है। नगर के वार्ड 5 एवं 15 के निवासरत् मरीजों के संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। इस संबंध मे सारंगढ़ बीएमओ डा आरएल सिदार से बात करने पर उन्होंने कहा कि प्रभावित वार्डो मे कैम्प लगाए गए हैं स्थिति नियंत्रण में है।

जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 12 जुलाई को

कोरिया/नवप्रदेश। छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग रायपुर के अध्यक्ष थानेश्वर साहू की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष आरएन वर्मा तथा सदस्य महेश चंद्रवंशी की उपस्थिति में जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में नियत की गई है। बैठक में शासन के समस्त विभागों द्वारा 'अन्य पिछड़े वर्गों के हितार्थ संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रम के क्रियान्वयन की समीक्षा की जायेगी। बैठक में समस्त जिला स्तरीय अधिकारी संचालित विभागीय योजनाओं की जानकारी सहित उपस्थित रहेंगे।

विस मानसून सत्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा मानसून सत्र 20 जुलाई से 27 जुलाई तक संचालित होना है जिसके फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कुलदीप शर्मा द्वारा विधानसभा प्रश्न, ध्यानाकर्षण सूचनाऐं एवं प्रस्ताव सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा संबंधित कर्मचारियों द्वारा तत्काल कार्यवाही पूर्ण कर समय-सीमा के अन्दर विधानसभा प्रश्नों के उत्तर राज्य शासन को प्रेषित कराये जाने के लिए अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाईल नम्बर 8770613976, कार्यालय का दूरभाष नम्बर 07836-232721, फैक्स नम्बर 07836-232722 है।

भ्रष्टाचार व अपराध से छत्तीसगढ़ महतारी हुई शर्मसार : श्रीनिवास

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पूर्व वन निगम के अध्यक्ष श्रीनिवास मद्दी ने कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के कारण छत्तीसगढ़ महतारी एक बार फिर शर्मसार हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री के डिप्टी सेक्रेटरी के दुर्ग स्थित आवास में आईटी विभाग ने 24 महीने में दूसरी बार रेड किया। इसके साथ ही कांग्रेस के करीबी सूर्यकांत तिवारी एवं उनके पार्टनर के साथ कुल 30 स्थानों में कार्यवाही की। इस रेड में कुल 9.5 करोड़ अघोषित कैश एवं 4.5 करोड़ की ज्वेलरी बरामद हुई, साथ ही 200 करोड़ से अधिक के कलेक्शन के भी प्रमाण मिले है। यह रेड मुख्य रूप से प्रदेश में कोल ट्रांसपोर्ट से हो रही अवैध कमाई को भी प्रमाणित करती है। इस जांच के दौरान 50 करोड़ की अचल संपत्ति के दस्तावेज भी विभाग को प्राप्त हुये हैं। विभाग का दावा है कि जांच के दौरान कर चोरी के कई पुख्ता दस्तावेज मिले हैं, साथ ही एकाउन्ट सीट्स और डिजीटल साक्ष्य भी प्राप्त हुये हैं। आयकर अधिकारियों के अनुसार जांच के दौरान सरकारी अधिकारियों को भी नकद भुगतान किये जाने के साक्ष्य मिले हैं जो कि बहुत गंभीर हैं, जिन्हें आईटी विभाग द्वारा गंभीरता से जांच किया जा रहा है। साथ ही जांजगीर की घटना छत्तीसगढ़ के महतारी के ऊपर काला धब्बा है। 2 जुलाई की रात को जांजगीर जिले के अकलतरा नगर पालिका क्षेत्र में रात को एक अकेली महिला जिसकी उम्र 53 साल की थी, उसका बलात्कार होता है फिर दिल्ली के निर्भया कांड की तरह नृशंस हत्या कर दी जाती है। हर रोज गांव गांव शहर शहर दुष्कर्म हो रहे हैं। कहीं सरकार के अफसर आरोपी हैं तो कहीं पुलिस ही दुष्कर्म के आरोपी की एजेंट बनकर पीड़िता पर समझौता करने दबाव डालती है।

कृषि उपज मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

बीजापुर/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी समिति बीजापुर का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न, आज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। बीजापुर जिला के कृषि उपज मंडी समिति के नव नियुक्त भारसाधक समिति के सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। संचालक कृषि विपणन शाखा रायपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारसाधक समिति में सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर गौतम अध्यक्ष, नकुल ठाकुर उपाध्यक्ष, रत्ना सोढ़ी, महेश बेलसरिया, मनधर नाग, नंदकिशोर गांधरला एवं लक्ष्मीनारायण इशरोज सदस्य नियुक्त किये गए। कृषि उपज मंडी के प्रभारी सचिव कैलाश सोरी ने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्यों को शपथ दिलाई। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम मण्डावी ने नव नियुक्त सभी पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाये दी।

कोरिया में अब तक 191.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज

कोरिया/नवप्रदेश। भू अभिलेख शाखा के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के सभी तहसीलों में 24 घण्टे के दौरान 1.1 मि. मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 3.3 मि.मी. औसत वर्षा चिरमिरी तहसील में दर्ज की गई है। इसे मिलाकर पूरे जिले में जून से अब तक 191.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज़ की गई है।

प्रत्येक माह पंचायतों में मनाया जाएगा रोजगार दिवस

बीजापुर। महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत जाबकार्डधारी मजदूरों के लिए प्रावधानों एवं समय-समय पर जारी शासन की मार्गदर्शिका एवं परामर्श के अलावा पंचायत स्तर पर पूर्ण हो चुके कार्यों के साथ प्रगतिरत कार्यों की जानकारी मजदूरों के दिये जाने हेतु प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायत में रोजगार दिवस का आयोजन किया जाएगा। रोजगार दिवस के दिन ग्राम पंचायतों में मजदूरी भुगतान की भी जानकारी दी जाएगी।

वन डिस्ट्रीक वन प्रोडक्ट अंतर्गत कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

बीजापुर । कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना 'वन डिस्ट्रीक वन प्रोडक्ट' अंतर्गत योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना तैयार करने हेतु जिला स्तरीय समिति की समीक्षा बैठक ली। समीक्षा के दौरान खाद्य प्रसंस्करण की विस्तृत जानकारी विभागों द्वारा बताई गई। कलेक्टर ने खाद्य प्रसंस्करण हेतु आवश्यक मशीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रथम पृष्ठ का शेष

घरेलू रसोई गैस को ...

भी बढ़ोतरी की गयी जबकि 19 किलोग्राम वाले व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर के दाम घटाए गए हैं। कंपनी ने कहा कि घरेलू पांच किलोग्राम वाले सिलेंडर के दामों में 18 रुपये का इजाफा हुआ है और 19 किलोग्राम के व्यावसायिक सिलेंडर के दाम में 8.50 रुपये की कमी की गयी है

इस बढ़ोतरी के बाद से दिल्ली में 19 किलोग्राम सिलेंडर के दाम 2,012.50 रुपये, कोलकाता में 2,132 रुपये, मुंबई में 1972.50 रुपये और चेन्नई में 2,177 रुपये हो गए हैं। इस माह दूसरी बार व्यावसायिक सिलेंडर के दाम में परिवर्तन हुआ है। पेट्रोल-डीजल के दाम हालांकि स्थिर रहे।

बिना याचिका के ही...

उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है।

दरअसल, पत्रकार रोहित रंजन के वकील सिद्धार्थ लूथरा ने बताया जमानत मिलने के बाद छत्तीसगढ़ पुलिस उन्हें गिरफ्तार करना चाहती है। इस मामले में उन्होंने तुरंत सुनवाई की मांग की थी क्योंकि अगर ऐसा नहीं हुआ तो उन्हें बार-बार हिरासत में लिया जाएगा। इसके बाद याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। वहीं इससे पहले राहुल गांधी के एक बयान को गलत संदर्भ में प्रसारित करने के मामले में रोहित रंजन के घर पर छत्तीसगढ़ पुलिस मंगलवार सुबह पहुंच गई थी। इसके बाद गाजियाबाद से लेकर नोएडा तक हाईवोल्टेज ड्रामा हुआ और दो राज्यों की पुलिस भिड़ती दिखीं। अंत में नोएडा की पुलिस ने रोहित रंजन को हिरासत में ले लिया।

ईडी दफ्तर पहुंचे ...

इन दोनों से पूछताछ के बाद आजम खां के कुछ अन्य करीबी परिजनों को भी समन देकर पूछताछ के लिए तलब करने की तैयारी है।

जेल में बंद होने के दौरान आजम खां से 20 सितंबर 2021 को ईड़ी की टीम ने सीतापुर जेल में दो दिन पूछताछ की थी। ईडी की टीम ने रामपुर जाकर वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों की जांच की थी। छानबीन में सामने आया कि जौहर विवि के निर्माण के लिए जो फंड जुटाया गया था, उसमें तंजीन फातिमा और अब्दुल्ला आजम की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। ईड़ी ने जौहर ट्रस्ट के साथ आजम और उनके परिजनों के तमाम बैंक खातों को भी खंगाला है। जौहर विवि मामले में आजम खां के खिलाफ ईडी ने एक अगस्त 2019 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

आतंकवादियों से भाजपा ...

की आग में झोंकने की कोशिश में है और उसके नेताओं के आतंकवादियों से संबंध सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह हैरानी की बात है कि उदयपुर के कन्हैयालाल की हत्या को अंजाम देने वाले भाजपाई निकले और उसके पाकिस्तान के साथ संबंध भी उजागर होते हैं। इसी तरह से जम्मू-कश्मीर में ग्रामीणों ने लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों को पकड़ा है जिनमें से एक आतंकवादी भाजपा का सक्रिय सदस्य और सोशल मीडिया प्रकोष्ठ का प्रभारी रहा है। आतंकियों का लगातार भाजपाई कनेक्शन निकल रहे हैं और यह स्थिति देश के लिए खतरनाक है।

हिंदुत्व की छवि वाली...

मुसलमानों तक भी पहुंचने के लिए कहा है। उन्होंने अन्य समुदाय के ऐसे वर्गों का भी जिक्र किया था, जो सुविधाओं से वंचित हैं। पीएम ने नेताओं से इन समुदायों के मुद्दों को उठाने और उन तक पहुंचने के लिए कहा था। उन्होंने नेतृत्व से राज्य में सामाजिक समीकरणों के साथ प्रयोग और यह देखने के लिए भी कहा है कि पार्टी ऐसे वर्गों तक पहुंच बना सकती है या नहीं, जो उसके खिलाफ मतदान करते हैं।

इसके जरिए भाजपा को उम्मीद है कि वो अपने खिलाफ कांग्रेस और वामपंथी प्रोपेगैंडा का भी सामना कर सकेगी, जिसमें उसके कट्टर हिंदुत्व से जुड़े होने की बात कही जाती है।

लेफ्टिनेंट जनरल मोहन....

पदों पर भी काम कर चुके हैं। इसके अलावा वह वियतनाम, लाओस और कंबोडिया में भारत के रक्षा अताची के रूप में काम कर चुके हैं। वह सिएरा लियोन में संयुक्त राष्ट्र मिशन में स्टाफ ऑफिसर की भूमिका भी निभा चुके हैं।

बंगाल के लोग चुप्पी...

हम मानवाधिकारों के उल्लंघन की प्रयोगशाला बन गए हैं। हम इस राज्य को अनुमति नहीं दे सकते जहां लोकतंत्र आखिरी सांस ले रहा है। गौरतलब है कि जुलाई 2019 में धनखड़ को राज्यपाल नियुक्त किए जाने के बाद से ही उनका टीएमसी सरकार के साथ कटु संबंध जगजाहिर हैं। हाल के दिनों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्यपाल को ट्विटर पर अनफॉलो भी किया था। इस साल जून में पश्चिम बंगाल विधानसभा ने राज्यपाल की जगह 17 राज्य संचालित विश्वविद्यालयों के मुख्यमंत्री को चांसलर बनाने की मांग करते हुए एक विधेयक पारित किया था।

पैगंबर टिप्पणी : नूपुर शर्मा ...

का उल्लेख क्यों? पहले रजिस्ट्रार के पास मामले को सूचिबद्ध कराएं। वकील ने बाद में कहा कि उन्होंने रजिस्ट्रार के समझ मामले को उठाया है और इस पर 11 जुलाई को सुनवाई होने की संभावना है। याचिका में कहा गया है कि शर्मा ने पैंगंबर मोहम्मद और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। इसलिए मामले की स्वतंत्र, विश्वसनीय और निष्पक्ष जांच के लिए निर्देश दी जाए, जिससे तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित हो सके।

कर्ज के लिए घुटनों ...

सेना के लिए 340 अरब रुपये का बजट आवंटित किया गया था, लेकिन खर्च 270 अरब रुपये ही किया गया था।

भावी अग्निवीरों ने ...

एक उदाहरण देता हूं। क्या आप जानते हैं कि ऊंचाई वाले क्षेत्रों से स्वास्थ्य कारणों के लिए कितने लोगों के हताहत होने की सूचना है? इसके बारे में पढ़ें, तब आपको पता चलेगा कि युवा क्यों महत्वपूर्ण है।÷उन्होंने युवाओं से सड़कों पर उतरकर अपना समय बर्बाद करने के बजाय तैयारी शुरू करने का आग्रह किया था।

डीजीसीए ने स्पाइसजेट...

आंतरिक संरक्षा उपाय निम्नकोटि के थे और अनुरक्षण कार्रवाई अपर्याप्त थी चाहे वह उपकरण संबंधी अनुरक्षण हो या सिस्टम संबंधी। इसी प्रकार से सितंबर 2021 में डीजीसीए द्वारा किये गये वित्तीय प्राक्कलन में पाया गया कि विमानन कंपनी संरक्षा संबंधी आपूर्तिकर्ताओं और वेंडरों को नियमित रूप से भुगतान नहीं कर रही है जिससे उपकरणों की कमी हो रही है और विमानों में अक्सर तकनीकी गड़बड़ियां हो रहीं हैं। नोटिस में कहा गया कि अगर तीन सप्ताह में नोटिस का जवाब नहीं मिला तो एक पक्षीय ढंग से कार्यवाही की जाएगी।

OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA
e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in
NIT No.-432/Const./2022 KORBA, dated : 01.07.2022

SN	System Tender No.	Name of Work/ Description of work	Probable Amount of Contract
1.	104128 (3rd Call)	Reparing and renovation work, Dismantaling work and Constrution of new room at Govt. Schools in Korba Nagar Nigam area	Rs.503.45 Lakhs

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 12.07.2022 at 5.30 Hours. (IST) on wards.

COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION
KORBA

कार्यालय सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जांजगीर, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)
क्रमांक/निविदा/2022-23/115 जांजगीर, दिनांक 05/07/2022

द्वितीय निविदा सूचना

बैरिस्टर ठा. छेदीलाल जिला चिकित्सालय जांजगीर में महिला स्व सहायता समूह/ अलाभकारी संस्थाओं से भर्ती मरीजों को भोजन प्रदाय करने हेतु 1 वर्ष के अनुबंध के आधार पर बंद लिफाफे में रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) स्पीड पोस्ट अथवा कोरियर सर्विस से निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर दिनांक 20.07.2022 तक निविदा शुल्क रुपए 1000.00 (एक हजार) मात्र नगद राशि जमा कर या सचिव जीवन दीप समिति के नाम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
कार्य का नाम एवं प्रकार -
01. भर्ती मरीजों को प्रदाय करने हेतु निविदा।
निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 22.07.2022
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि - 28.07.2022
निविदा खोलने की तिथि - 29.07.2022
निविदा खोलने का स्थान एवं समय- जिला चिकित्सालय जांजगीर समय दोपहर 01 बजे।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय-जांजगीर (छ.ग.)
जी-92727/3

कार्यालय कलेक्टर (आदिम जाति कल्याण शाखा),
जिला- जशपुर (छ.ग.)
कक्ष क्रमांक-131 प्रथम तल, कलेक्टोरेट भवन जशपुर दूरभाष 07763-223657 फैक्स 223212 ईमेल- actd.jashpur@gmail.com, actd.jashpur@gov.in

// निविदा सूचना //

क्रमांक/797/भण्डार/आ.जा.क./2022-23 जशपुर, दिनांक 04.07.2022

कार्यालय कलेक्टर (आदिम जाति कल्याण शाखा) की ओर से इच्छुक उत्पादित/ अधिकृत विक्रेताओं द्वारा विभागीय छात्रावास/ आश्रमों में लगने वाले आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु दर निर्धारित किए जाने के लिए (अनुमानित लागत 67,00,000/-) मोहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन प्रस्तुत कर रुपए 1000/- की चालान, मद 0250 सामाजिक सुरक्षा 800 अन्य प्राप्तियां में जमा कर, चालान की मूल प्रति सहित दिनांक 01.08.2022 के पूर्व कार्यालयीन दिवस से प्राप्त किए जा सकते हैं।

उपर्युक्त निविदा के सम्पूर्ण आईटम (सामग्री की सूची) विस्तृत नियम एवं अन्य शर्तें https://jaskpur.nic.in एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि - 01.08.2022 समय सायं 5.30 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 02.08.2022 समय सायं 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 03.08.2022 समय अपरान्ह 1.00 बजे

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
जशपुर (छ.ग.)
जी-92736/4

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

प्रभारी मंत्री का संसदीय सचिव की अगुवाई में किया गया आत्मीय स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू के महासमुंद आगमन पर संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की अगुवाई में आत्मीय स्वागत किया गया। मंगलवार को जिले के प्रभारी मंत्री श्री साहू विभागीय समीक्षा बैठक व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से भेंट करने महासमुंद पहुंचे। स्थानीय बस स्टैंड के पास प्रभारी मंत्री श्री साहू का संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर की अगुवाई में आतिशबाजी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से जनपद अध्यक्ष यतेंद साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल, खिलावन साहू, मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, विधायक प्रतिनिधि दाऊलाल चंद्राकर, सेवनलाल चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, कृष्णा चंद्राकर, राशि महिलांग, जसबीर ढिल्लो, कुणाल चंद्राकर, आवेज खान, बादल मक्कड़, दिलीप जैन, लोकेश चंदन साहू, कुलेश्वर ठाकुर, हार्दिक सोना, गौरव जानी, सत्यभान जेन्ड्रे, केशव चौधरी आदि मौजूद रहे। बाद इसके प्रभारी मंत्री श्री साहू के साथ संसदीय सचिव श्री चंद्राकर सर्किट हाउस के लिए रवाना हुए।

बरबसपुर तक सड़क मरम्मत कार्य के लिए 45 लाख का प्राक्कलन प्रेषित किया गया

कवर्धा। कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव परियोजना क्रियान्वयन ईकाई कवर्धा दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत मेन रोड़ से बरबसपुर सड़क की संधारण एवं गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है। नवीनीकरण के लिए वर्ष 2022-23 में 45 लाख रूपए का प्रस्ताव प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित किया गया है। स्वीकृति उपरांत नवीनीकरण, मरम्मत कार्य किया जाएगा।

ग्राम डबराभाट में स्थित जलाशय, जलसंसाधन संभाग कवर्धा के अधीन

कवर्धा। प्रभारी खनिज अधिकारी ने बताया कि ग्राम डबराभाट में स्थित जलाशय, जलसंसाधन संभाग कवर्धा के अधीन है। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग कवर्धा की सहमति के आधार पर सरोधा मुख्य नहर एवं खपरी वितरक शाख नहर निर्माण के लिए 13 हजार घन मीटर मुरूम की परिवहन की अनुमति ठेकेदार को प्रदान किया गया। ठेकेदार द्वारा परिवहन किया गया मुरूम के विरूद्ध शासकीय कोष में अग्रिम रायल्टी के रूप में 6 लाख 50 रूपए डीएमएफकी राशि 1 लाख 95 हजार जमा कर दी गई है। शिकायत पर स्थल जांच निरीक्षण कर कार्यवाही की जाएगी।

सराफा कारोबारी से 30 लाख की लूट

भाटापारा। भाटापारा नांदघाट मार्ग पर स्थित रोहरा हाई स्कूल के समीप शहर का एक सराफा कारोबारी लूट का शिकार हो गया।एक मोटरसायकल में आये तीन अज्ञात लुटेरों ने कट्टे की नोक पर लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए हैं।भाटापारा ग्रामीण पुलिस मामले मामले की जांच में जुटी हुई है, फिलहाल आरोपी फरार है। उपरोक्त संबंध में मिली जानकारी अनुसार घटना सोमवार 4 जून रात तकरीबन 7 बजे के आसपास की बताई जाती है। बताया जाता कि स्थानीय भाटापारा निवासी सराफा कारोबारी यमन सोनी ग्राम रोहरा में महालक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से सोना चांदी का कारोबार करता है।वो रोज की तरह सोमवार की शाम अपनी दुकान बंद कर अपनी बहन के साथ रोहरा से स्कूटी में निकले ही थे कि रोहरा मोड़ हाई स्कूल के पास एक बाइक में सवार तीन लोगों ने उनकी गाड़ी के सामने अपनी बाइक लगा कर कट्टा दिखते हुए सोने चांदी और नकदी से भरे उनके झोले को लूट कर ले गए।एकाएक घटी घटना से पीड़ित प्रार्थी ने सूचना परिजनों को पुलिस को दी।ग्रामीण पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल का मुआयना किया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।सराफा व्यापारी के मुताबिक उनके झोले में तीन लाख रुपये नकद, 25 किलो के आसपास चांदी और लगभग ढाई सौ ग्राम सोना को अज्ञात आरोपी लूट कर ले गए है।नकदी सहित लुटे गए सोने चांदी की बाजार कीमत 30 लाख आंकी जा रही है, शहर से मात्र 10 किमी की दूरी और भाटापारा नांदघाट मेन रोड की घटना ने पुलिस के हाथ पांव फुला दिए हैं।घटना के बाद वरिस्ठ अधिकारीयो के निर्देश पर अनुविभाग पुलिस के चारो थाना क्षेत्रों की पुलिस को आरोपियो की तलाश में लगा दिया गया है। भाटापारा एसडीपीओ सिद्धार्थ बघेल ने बताया कि मामले में जांच अभी चल रही है व आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है ।

बस की क्षमता अनुसार बच्चों को बैठाकर सावधानी से वाहन चालने के दिए निर्देश

कवर्धा। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में और जिला परिवहन अधिकारी मोहनलाल साहू के दिशा-निर्देश में परिवहन विभाग द्वारा लगातार बसों, जेसीबी, ट्रकों की चेकिंग की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी मोहनलाल साहू ने बताया कि 03 जुलाई रविवार को पीजी कॉलेज मैदान में परिवहन विभाग और यातायात विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जिले के अंतर्गत स्कूल बसों की माननीय उच्चतम न्यायलय के गाइडलाइन के अनुरूप फिटनेस संबंधी जांच की गई। फिटनेस संबंधी जांच के लिए 13 स्कूलों से कुल 62 स्कूल बस ड्राइवर और कंडक्टर उपस्थित हुए।

जिला परिवहन अधिकारी श्री साहू ने बताया कि जांच के लिए परिवहन विभाग से जिला परिवहन अधिकारी सहित श्री विमल वासनिक सहायक प्रोग्रामर, सुमित सोनी साहयक ग्रेड 02, यातायात विभाग से एस.आर. पटेल एमटीओ, इजराइल खान यातायात प्रभारी सहित स्टाफ उपस्थित थे। फिटनेस जांच के दौरान स्पीड गवर्नर, जीपीएस, रिफ्लेक्टर, लाइट, कैमरा, बैठने की व्यवस्था, इमरजेंसी दरवाजा, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, इमरजेंसी कॉन्टैक्ट नंबर सहित फिटनेस परमिट बीमा व अन्य दस्तवेजो के जांच की गई। प्रस्तुत हुए 62 स्कूल बसों में 58 बस की फिटनेस सही पाया गया एवं 04 बस अनफिट पाया गया साथ ही 9 बस में परमिट नही पाया गया। जिसे 15 दिन में पूर्ण करके पुनः जांच कराने के पश्चात संचालन करने का निर्देश दिया गया साथ ही ड्राइवर कंडक्टर एवं स्कूल के वाहन प्रभारियों को सुरक्षा की दृष्टि से क्षमता के अनुसार ही बच्चो को बैठाकर सावधानी से वाहन चलाने का निर्देश दिया गया।

हरियाली से हुआ शहर गुलजार विधायक महापौर, कलेक्टर व आयुक्त ने लगाए पौधे

■ **प्रत्येक व्यक्ति वृक्षारोपण की ओर कदम बढ़ाए- महापौर**

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज राज्य शासन की मंशा के अनुरूप एवं जिला प्रशासन व नगर निगम द्वारा शहरवासियों को जनजागरूकता के तहत आज वार्ड 21 हनुमान नगर गार्डन महिला स्व शक्ति केंद्र एवं सिविल लाइन पांच बिल्डिंग कृष्ण कुंज समेत विभिन्न जगहों में शानदार दोनों किनारे हरियाली से किया गुलजार। विधायक अरुण वोरा, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आर. एन. वर्मा, महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा, आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे, सभापति राजेश यादव, पर्यावरण प्रभारी सत्यवती वर्मा, जयश्री जोशी,वार्ड पार्षद अरुण सिंह ने लगाए चंपा, कदंब, कोनोकार्पस, नीम, बादाम, गुलमोहर आदि पौधे गार्डन के दोनों ओर लगाए गए 113 पौधे। इस अवसर पर पार्षद अमित देवांगन, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, पूर्व पार्षद प्रकाश गीते, उद्यान प्रभारी अनिल सिंह, निखिल खिचड़िया, समेत स्कूली बच्चे मौजूद थे।

विधायक अरुण वोरा ने कहा कि पौधे थोड़े बड़े आकार के हों। डिवाइडर में चंपा के पौधे के साथ ही बीच में कनेर आदि के पौधे भी लगाए जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि पौधों को सहेजना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए ट्रीगार्ड वगैरह लगाए जाएंगे। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि पौधों के बढ़ जाने से इस रास्ते व गार्डनों की खूबसूरती काफी बढ़ जाएगी। पिछले दो सालों में शहर के महत्वपूर्ण सड़कों के किनारे पौधे लगाये गये हैं। उन्होंने ये भी कहा कि शहर को हरा भरा करने व्यक्ति वृक्षारोपण की ओर कदम बढ़ाए।पर्यावरण प्रकृति से प्राप्त एक अनमोल घरोहर है। यह पौधे काफी बढ़ गये हैं और पूरा रास्ता काफी खूबसूरत हो गया है। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि वन होम वन ट्री महा अभियान के दौरान नागरिको ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया घर- घर नागरिको को लगभग सैकड़ो पौधे वितरण किया गया है।उन्होंने कहा हमारा कर्तव्य है कि हम अपने शहर के पेड़ पौधों को सुरक्षित कर शहर को हरा भरा बनाए।

वन होम वन ट्री महा अभियान के तहत जवाहर वर्मा ने बैंक में किया वृक्षारोपण

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के प्रधान कार्यालय परिसर में बैंक अध्यक्ष जवाहर वर्मा, द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के वन होम वन ट्री महा अभियान के तहत दिनांक 06 जुलाई 2022 को वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अपेक्षा व्यास द्वारा भी फलदार पौधो का वृक्षारोपण किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा वातावरण में प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए बैंक में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को इस महाअभियान में शामिल होकर अपने-अपने घर में एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया।

बैंक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर कुसुम ठाकुर, एस.के. निवसरकर, डी.डी. डेहरे, एस.पी. वाहने, धीरेन्द्र देवांगन, दीनबंधु ठाकुर, अशोक वर्मा, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर, सत्येन्द्र वैदे, चन्द्रषेखर मानिकपुरी, विनीत वर्मा, योगेष साहू, रोहित वर्मा, मोहनलाल साहू, सुरेष राजपुत, अमित विष्वकर्मा, आर.के. मोहनमाला, सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी व पाटन परिक्षेत्र से आए कर्मचारी उपस्थित रहें।

सड़क दुर्घटना में घायल युवक-युवती को कांग्रेस नेता ने पहुंचाया अस्पताल

■ **मालवाहक ने मारी ठोकर, पैर में आई गंभीर चोट**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुरमुंदा में सड़क दुर्घटना में घायल युवक-युवती को जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। महाराष्ट्र की सूमो गोल्ड सवारी वाहन की टक्कर में दोनों को ही गंभीर चोट आई थी। ग्रामीणों की मदद से दुर्घटनाकारित करने वाले वाहन चालक को पकड़ लिया गया। वहीं मदन साहू तत्काल घायलों को लेकर स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे।

मंगलवार की सुबह 11 बजे के आसपास महाराष्ट्र के एक सूमो गोल्ड वाहन ने बाइक सवारों को ठोकर मार दी। इस हादसे में मुरमुंदा निवासी 18 वर्षीय रिषभ कंवर को पैर पर गंभीर चोटे आई है। वहीं युवती का भी पैर फ्रैक्चर हो गया है। घटना के समय मौके पर मौजूद जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने देर न करते हुए तत्काल घायलों को अपने वाहन से स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया। यहां उनके प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को राजनांदगांव स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंचाने की व्यवस्था भी उन्होंने की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के सचिव गौतम वर्मा भी मौके पर मौजूद थे। मदन साहू ने बताया कि, सूमो गोल्ड चालक की लापरवाही से यह हादसा हुआ।

मुख्य न्यायाधीश एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे कवर्धा

कवर्धा। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी रविवार को अपने एक दिवसीय शासकीय प्रवास पर जिला न्यायालय कबीरधाम पहुंचे। इस दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीता यादव, कलेक्टर जनमेजय महोबे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे सहित अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष कमल साहू, पूर्व अध्यक्ष पोखराज सिंह परिहार सहित अन्य पदाधिकारियों ने उनका आत्मीय अभिनंदन किया। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी ने जिला न्यायालय कबीरधाम का अवलोकन भी किया। न्यायमूर्ति गोस्वामी ने जिला न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अधिवक्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा जनहित में निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने कहा। न्यायमूर्ति अरूप कुमार गोस्वामी ने जिला न्यायाधीश कक्ष में जिला एवं सत्र न्यायाधीश, समस्त वरिष्ठ न्यायाधीश एवं कलेक्टर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ आवश्यक चर्चा भी की।

भारती कॉलेज दुर्ग में बी. टेक कृषि अभियांत्रिकी में भविष्य का सुनहरा अवसर

दुर्ग/नवप्रदेश। भारतीय कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय पुलगांव चैक, दुर्ग में बी. टेक कृषि पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में सभी वर्ग की सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ होने वाली है।

यह महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर से संबद्ध है। प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण, गणित, रसायन एवं भौतिकी विषय के साथ (सामान्य वर्ग के लिए 50ः एवं आरक्षित वर्ग के लिए 40ः) है। कॉलेज की स्थापना छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम निजी कृषि अभियांत्रिकी संस्थान के रूप में हुई थी। कॉलेज के अनेक विद्यार्थियों ने राष्ट्र स्तरीय परीक्षाओं एवं प्रतियोगी प्रतियोगिताओं में सफलता अर्जित की है। कॉलेज अपनी ख्याति के अनुसार राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहा है जिससे विद्यार्थियों की योग्यता एवं क्षमता के अनुसार कृषि संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य को उज्ज्वल करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। उत्तीर्ण हुए छात्र विभिन्न शासकीय विभागों, अनुसंधान संस्थानों, कृषि विभाग, बागवानी, मत्स्यपालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, उच्च शिक्षा, कॉर्पोरेट क्षेत्र, सार्वजनिक क्षेत्र, कृषि व्यवसाय फर्मों, खाद्य प्रसंस्करण, खुदरा उद्योग, अनुसंधान संगठनों और प्रयोगशालाओं, बैंकों और वित्तिय निगमों आदि अनेक संस्थाओं में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

कॉलेज में कई वर्षो से भारत सरकार के राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान, हैदराबाद द्वारा एग्री क्लिनिक एवं एग्री बिजनेस मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षार्थी स्वरोजगार हेतु मैनेज, हैदराबाद द्वारा प्रदत्त प्रमाण-पत्र के आधार पर बैंकों से ऋण राशि में 40ः छूट प्राप्त करते हैं। इस प्रकार अनेक प्रशिक्षणार्थी स्वरोजगार प्रारंभ कर कृषि और संबंधित क्षेत्रों में योगदान दे रहे हैं।

संजय गर्ग बने कृषि उपज मंडी में व्यापारी प्रतिनिधि

दुर्ग/नवप्रदेश। कृषि उपज मंडी समिति दुर्ग में व्यापारी प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत संजय गर्ग द्वारा आज कृषि उपज मंडी अध्यक्ष अश्वनी साहू जी और सचिव एमआर पोर्ते की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी कृषि मंत्री रविंद्र चौबे जी गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू जी और दुर्ग विधायक व वेयरहाउसिंग कारपोरेशन के चेयरमैन अरुण वोरा जी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। कृषि उपज मंडी समिति में व्यापारी प्रतिनिधि के पद पर मनोनीत होने पर संजय गर्ग ने कहा की विधायक अरुण वोरा जी ने जिस विश्वास से मुझे इस पद के लिए अनुशंसा की है इस विश्वास के अनुरूप मैं मंडी के विकास में व किसानों के उपज का उचित मूल्य दिलाने उनका व्यापारी प्रतिनिधि होने के नाते मेरा और सभी व्यापारियों का पूर्ण सहयोग रहेगा। उनकी नियुक्ति पर अध्यक्ष अश्वनी साहू और सचिव एमआर पोर्ते के साथ थोक सब्जी मंडी पूर्व अध्यक्ष नासिर खोखर, कैलाश रूंगटा मुरारी भूतड़ा विनीत जैन पंकज अग्रवाल मनोज अग्रवाल सहित मंडी कर्मचारियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

नगर पंचायत उतई की बैठक सम्पन्न

उतई। नगर पंचायत उतई के परिषद की बैठक संपन्न हुई.नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी की अध्यक्षता में सुरु हुई। जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। नगर में लगे हुए विद्युत पोल पर अलग से सड़क बत्ती विस्तार के लिए तार एवं ट्रांसफर लगाने का निर्णय लिया गया। वार्ड नंबर 9 से आए दो जाति प्रमाण पत्र आवेदन को स्वीकृत किए गए मुख्यमंत्री द्वारा साहू समाज के लिए दिए गए भवन के लिए ठेकेदार को स्वीकृति प्रदान कर काम चालू करने के लिए आदेश किया गया। साथ ही साथ और अनेक निर्णय लिए गए। बैठक में नगर पंचायत उतई के अध्यक्ष डीकेंद्र हिरवानी उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा पार्षद प्रहलाद वर्मा वीरेंद्र गोस्वामी सुरता सिंह गढे राकेश साहू सरस्वती साहू संतोषी कुंजाम योगेश ठाकुर, सतीश चंद्राकर भीमसेन सिन्हा एल्डरमेन प्रेमनारायण साहू खुमान सिंह साहू मुख्य नगर पालिका अधिकारी सोहेल कुमार पंचायत कर्मचारी अंकालु साहू लुकेश्वरी देवांगन योगेश साहू आदि मौजूद थे।

जल गुणवत्ता पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ

खरोरा/नवप्रदेश। जल जीवन मिशन लोक यांत्रिकी विभाग के द्वारा 1 जुलाई से 15 जुलाई तक जल गुणवत्ता पखवाड़ा कार्यक्रम शुरू किया गया ।जिसका शुभारंभ तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत बिठिया प्राथमिक शाला में किया गया ।साथ ही ग्राम पंचायत फरहदा , बरडीह में समूह की महिलाओं को भी जल की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दिया गया ।जिसके तहत बरसात के मौसम में होने वाले जल जनित बीमारियों के बारे में बताया गया। और उनसे बचाव के उपाय भी बताए गए। जिसके साथ ही गंदे पानी के ठहराव अपने घर के आस-पास की साफसफाई साथ ही पेयजल स्रोतों के आसपास हैंडपंप,नल, कुवा,की सफाई करने को प्रेरित किया गया तथा पानी को उबालकर, छानकर और ढक कर रखने डंडी वाले लौटे का प्रयोग पानी निकालने के लिए उपयोग करने की जानकारी दिया ।प्रदूषित जल के स्रोतों का क्लोरिनेशन एवं शुद्धिकरण के साथ स्कूल आंगनबाड़ी और ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के प्रति जागरूक किया और जन जागरुकता के साथ साथ पेयजल का क्लोरिनेशन किया जायेगा। इस दौरान जल जीवन मिशन की टीम लीडर कलेन्द्री वर्मा, समन्वयक झमीन, माधुरी, धनेश्वरी, राधिका, भुनेश्वरी, प्रियंका, पुष्पा, अंजू , गणेशिया नारी शक्ति क्लस्टर संगठन बेलदार सिवनी।

कबीरधाम के स्वास्थ्य सेवाओं में आई तत्परता, बच रही जानें

कवर्धा/नवप्रदेश। पोलमी में एक्सीडेंट के बाद गम्भीर हालत में पड़े भूपेंद्र को जीवनदीप समिति सदस्य राजेश माखीजानी ने करवाया अस्पताल दाखिल, सीएमएचओ डॉ सुजॉय मुखर्जी की तत्परता और सिविल सर्जन पी सी प्रभाकर की देखरेख में चार बड़े ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ।

कवर्धा। जब जिंदगी साथ देती है तब मौत छुकर निकल जाती है, कुछ कर नही पाती। यही हुआ पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिलान्तर्गत ग्राम बजाक के रहने वाले भूपेंद्र साहू के साथ। भूपेंद्र साहू गत 28 जून को बजाक से अपने ससुराल रमतला की सफर पर बाइक से निकला। पोलमी के पास किसी भारी वाहन ने उसे टक्कर मार दी और वह खाई में जा गिरा। लोगों की भीड़ तो थी पर मदद करने वाला कोई नही। इस बीच रात तकरीबन 11 बजे अमरकंटक से दर्शन करके लौट रहे कवर्धा निवासी जिला अस्पताल जीवन दीप समिति के सदस्य राजेश माखीजानी की नजर भीड़ पर पड़ी। उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और माजरा समझ आते ही 108 को डायल करके घटना की सूचना दी। फिर घायल को सहारा देकर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पंडरिया रवाना किया। उन्होंने उक्त घटना की सूचना तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी को दी। डॉ मुखर्जी ने तत्काल फोन कर पंडरिया टीम को अलर्ट किया। वहां आवश्यक प्राथमिक उपचार पश्चात घायल को जिला अस्पताल रेफर किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए इधर जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ मुखर्जी और सिविल सर्जन डॉ प्रभाकर मौजूद रहे। मरीज के हड्डी सम्बधी 6 छोटे- बड़े ऑपरेशन किये गए और पूरे जबड़े का दांत के डॉक्टरों की टीम द्वारा एक ऑपरेशन अलग से किया गया। रक्त अधिक बह जाने के कारण मरीज के लिए तत्काल रक्त की व्यवस्था कराई गई और सफल ऑपरेशन के बाद फिलहाल भूपेंद्र को जिला अस्पताल में ही देखरेख में रखा गया है।

दोनों हाथ, दोनों पैर, जांघ और घुटने की हड्डी टूट चुकी थी

जिला अस्पताल में पदस्थ हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य चंदेल ने बताया ने जब भूपेंद्र साहू को जिला अस्पताल लाया गया तब वह काफी गम्भीर स्थिति में था। उसके शरीर में अनेक जगह गहरे चोट के निशान थे। उसके एक्सरे रिपोर्ट में दोनों जांघों की हड्डी टूटी हुई मिली, इसके अलावा घुटने की कटोरी, दोनों हाथ और घुटने के नीचे पैरों की हड्डी टूटी हुई थी। डॉ चंदेल ने बताया कि डॉ आदेश कुमार बागड़े द्वारा एनेस्थीसिया के लिए सहयोग किया गया जिसके बाद स्टेप बाई स्टेप तीन चरणों में घायल का ऑपरेशन कर हड्डी जोड़े गए।

भूपेंद्र साहू के नीचे का जबड़ा दो जगह से टूट चुका था। इसको जिला अस्पताल में ही ऑपरेट करने के लिए सीएमएचओ डॉ मुखर्जी द्वारा बाहर से मैक्जिलो फेशियल सर्जन बुलवाकर ऑपरेशन की व्यवस्था करवाई गई। उक्त टीम में मैक्जिलो फेशियल सर्जन डॉ अविनाश राठौर, कुकदूर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवारत डेंटल सर्जन डॉ स्वप्निल साधु, जिला अस्पताल कवर्धा में पदस्थ डेंटल सर्जन डॉ अरुण चौरसिया और डॉ शिशिर दुबे शामिल रहे। डॉ चौरसिया ने बताया कि मरीज के नीचे का जबड़ा दो जगह से टूटा हुआ था और स्थिति संवेदनशील थी। इसको प्लेट लगाकर ऑपरेट किया गया। वर्तमान में स्थिति सामान्य हो चुकी है।

उत्तरोत्तर बढ़ रही स्वास्थ्य सेवाएं केवल जून माह में ही हड्डी सम्बन्धी 30 ऑपरेशन

मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में कबीरधाम की स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है।

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है : डॉ. डहरिया

■ **मंत्री डहरिया ने 28 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया**

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्य के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों को आमजनों के लिए सर्वसुविधायुक्त बनाया जा रहा है। इन क्षेत्रों में बुनियादी आवश्यकता के कार्य प्राथमिकता के साथ पूरे किए जा रहे हैं। आवागमन की सुविधा के लिए सड़क, शिक्षा व्यवस्था के लिए स्कूल, स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल, शुद्ध पेयजल के लिए टेप नल सहित सभी मूलभूत सुविधाओं के कार्य किए जा रहे है। डॉ. डहरिया ने रायपुर जिले के नगर पालिका आरंग में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बाते कही।

डॉ. डहरिया ने नगर पालिका आरंग क्षेत्र के करीब 28 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इनमें 6 करोड़ 43 लाख 11 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण और 21 करोड़ 64 लाख 12 हजार रूपए की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। लोकार्पित कार्यों में सामुदायिक भवन, सी.सी.रोड, नाली, शाला भवन, बाउण्ड्रीवाल सहित अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार बस स्टैण्ड, खेल मैदान, शौचालय निर्माण, सी.सी.रोड, सांस्कृतिक भवन, नाली निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री ने आगे कहा कि आम लोगों की सुविधा के लिए सभी मूलभूत कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराएं जा रहे हैं। आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित बाजार भी बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में अध्ययन-अध्यापन के लिए अनुकूल वातावरण देने के लिए आरंग में करीब ढाई करोड़ की लागत से सर्व सुविधायुक्त नया बुनियादी शाला भवन बनाया गया है। डॉ. डहरिया ने बताया कि इस नव निर्मित स्कूल में 16 कमरे, लायब्रेरी हॉल, साईंस लैब, अहातायुक्त सुरक्षित कैम्पस और शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। सर्वसुविधा युक्त स्कूल भवन मिल जाने से छात्र-छात्राओं में हर्ष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि बैहार में करीब तीन करोड़ रुपए की लागत से नवीन स्वामी आत्मानंद स्कूल भवन बनाया जा रहा है। शुद्ध पेयजलापूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार कार्य किया जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण के लिए सड़क किनारे वृक्षारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री चन्द्रशेखर चंद्राकर, श्री कोमल साहू, विभिन्न समाज के पदाधिकारी, नगरीय निकाय के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ रहे अन्याय चिंताजनक : भावना

छत्तीसगढ़ का बलात्कार में 10वां व अपहरण में 7वां स्थान

विधानसभा में प्रदेश के गृहमंत्री ने नेशनल क्राइम रिकाई ब्यूरो के आधार पर खुद बताया कि छत्तीसगढ़ का बलात्कार में 10 वां और अपहरण में 7 वां स्थान है। इसके बावजूद भी राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई कड़े कदम नहीं उठा रही है और महिलाएं लूट, हत्या, बलात्कार व हिंसा की शिकार हो रहीं हैं। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर चुनाव में बड़े-बड़े वादे किये थे लेकिन आज तक उनपर अमल नहीं किया गया जिसके कारण महिलाओं की सुरक्षा पर एक बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा होता है। अगर जल्द ही राज्य सरकार महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाती है तो ऐसी अपराधिक घटनाएँ रोजाना बढ़ती रहेंगी और महिलाओं का अपमान होता रहेगा। मैं राज्य सरकार से मांग करती हूँ कि जांजगीर-चांपा में हुई घटना में संलिप्त आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए।

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में महिला के साथ बलात्कार और उसके बाद निर्मम हत्या ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस जघन्य घटना के विषय में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री एवं कबीरधाम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा में 52 वर्षीय महिला के साथ हुए जघन्य बलात्कार ने एक बार फिर निर्भया केस की दर्दनाक यादें ताजा कर दी। जिस प्रकार आरोपी ने पहले महिला के साथ बलात्कार किया और उसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी उसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ अन्याय, अत्याचार, हिंसा और अपराध में वृद्धि हो रही है वह चिंतनीय है। राज्य सरकार भी इन बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने में विफल दिख रही है और रोजाना सैकड़ों महिलाएं हिंसा का शिकार हो रही हैं। कांग्रेस के राज में प्रदेश में बेटियां व महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। प्रतिदिन दुष्कर्म और अपहरण का मामला घटित हो रहा है। यह शर्मनाक बात है कि प्रदेश में 37 महीने में पांच हजार 153 दुष्कर्म के मामले सामने आए हैं। पांच साल की मासूम बेटी भी आरोपितों के हवस का शिकार बन रही है। बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा करने में राज्य सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है।

भावना बोहरा ने कहा कि दूसरे के घरों में काम करके अपनी आजीविका चलाने वाली 52 वर्षीय महिला के साथ आरोपी ने जिस दरिंदगी के साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद महिला के सीने को पैरों से कुचला गया। इससे महिला की सीने और गले की हड्डियां टूट गईं और मौत हो गई। इतनी दरिंदगी करने वाले आरोपी को फांसी की सजा होनी चाहिए। शांति प्रिय छत्तीसगढ़ में महिलाओं के साथ जिस प्रकार दिनों-दिन अपराधिक घटनाएं बाद रहीं हैं वह चिंता का विषय है। पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार भी इन अपराधों पर अंकुश लगाने में विफ्ल साबित हो रही है जिस वजह से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहें हैं और वे ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहें हैं।

सड़क हादसे में बाइक सवार मासूम की मौत, एक घायल

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के नवागढ़ थाना क्षेत्र में वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक में सवार 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया. हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस की डायल 112 को सूचना दी। तत्काल मौक पर पहुंची 112 की टीम ने संजीवनी 108 की मदद से दोनों को नवागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ग्राम भंवतरा का रहने वाला 10 साल का संदीप कश्यप अपनी दीदी के घर ग्राम हीरागढ़ आया हुआ था, जहां से वह अपने दोस्त हिरण कश्यप के साथ बाइक से घूमने निकला था. दोनों बाइक में सवार होकर हीरागढ़ और टूरी गांव के बीच पहुंचे थे कि उन्हें किसी अज्ञात वाहन ने जोदार टक्कर मार दी।

सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि 10 साल के संदीप कश्यप की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 15 वर्षीय हिरण कश्यप को घटना के 4 घंटे बाद भी होश नहीं आया है. घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस की डायल 112 को सूचना दी. तत्काल मौक पर पहुंची 112 की टीम ने संजीवनी 108 की मदद से दोनों को नवागढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री आगमन के पूर्व वर्षों से लंबित मजदूरी भुगतान की जगी थी उम्मीद, सीएम के जाते ही मामला ठंडे बस्ते में!

■ **मामला कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ वनमंडल का**

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले में स्तिथ वन मंडल किसी न किसी मामले को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहता हैं फिर भी जाच व कार्यवाही न होने से इन अधिकारियों के हौसले बुलंद हैं ऐसा ही एक मामला वन मंडल मनेन्द्रगढ़ का हैं जो कि वन मंडल मनेन्द्रगढ़ में इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है जहा मजदूरों को मजदूरी का भुगतान तीन वर्षों तक नही मिला, काफी इंतजार के बाद जब मजदूरों को लगा कि शायद उन्हें मजदूरी नहीं मिल पायेगा, तब जिले में मुख्यमंत्री आगमन के पूर्व सारे मजदूर इकठ्ठे होकर वनमंडल में जमा हो गए और अपनी मजदूरी की मांग करने लगे। हो हल्ला देख वनमण्डल के अधिकारी घबरा गए और आनन फानन में मजदूरों को पांच सौ किसी को एक हजार देते हुए शेष मजदूरी का भुगतान जल्द कराने वादा किया गया।लेकिन फिर क्या जैसे ही मुख्यमंत्री की विदाई कोरिया से हुई और भुगतान का मामला फिर से ठंडे बस्ते में चला गया।

बता दें कि यह मामला मनेन्द्रगढ़ वनमंडल के वन परिक्षेत्र मनेन्द्रगढ़ का है जहां पिछले 7 से आठ वर्षों तक प्रभारी रेंजर हीरा लाल सेन उच्च अधिकारियों के रहमो करम से अपना तशरीफ़ टिकाये हुए है।इस परिक्षेत्र अंतर्गत वनों की सुरक्षा हो या निर्माण कार्य सब भगवान भरोसे ही है।काम करा के मजदूरों का मजदूरी भुगतान नही करना इस परिक्षेत्र के लिए कोई नई बात नही है।

यह परिक्षेत्र इन दिनों मजदूरी भुगतान को लेकर फिर से सुर्खियों में है।लगभग 40 मजदूरों का मजदूरी पिछले तीन सालों से लंबित है। मनेन्द्रगढ़ परिक्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर और बुंदेली के लगभग 40 मजदूरों से दैनिक मजदूर के रूप में वृक्षारोपण और गड्ढा खोदने काम करवाया गया था जिसका आज तक पूरा भुगतान अब तक रह चुके प्रभारी रेंजर ने नही कराया।मजदूरी का भुगतान नही होने से नाराज मजदूरों ने दोबारा 4 जुलाई को हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन वनमंडलाधिकारी को सौंपा।ग्रामीणों ने परिक्षेत्र अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि 3 साल पहले उनसे वन परिक्षेत्र अधिकारी ने वृक्षारोपण का कार्य कराया था। बार-बार मजदूरी मांगने पर कुछ पैसे उनके खाते में डाल दिए थे। लेकिन मजदूरी का पूरा भुगतान आज तक नहीं किया गया है। उनके द्वारा कई बार वन परिक्षेत्र अधिकारी से मजदूरी की मांग की गई लेकिन उनके द्वारा हमेशा ही टरका दिया जाता है।

दहेज में बाइक नहीं मिली तो नव विवाहिता की कर दी पिटाई, पति पर मामला दर्ज

रायपुर। राजधानी रायपुर के उरला इलाके में एक नवविवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज किया है। आरोप है कि मोटरसाइकल नहीं लाने पर पति ने मारपीट की।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांधीनगर बीरगांव निवासी शानू तिवारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि उसका पति मुकेश तिवारी हमेशा दहेज को लेकर परेशान करता है। छोटी-छोटी बातों को लेकर मारपीट करता है। दहेज में मोटरसाइकिल नहीं लाने का ताना देता था। तीन जुलाई की रात को शराब पीकर आया और दहेज की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए राड से सिर और पीठ पर वार कर दिया।

बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजयुमो का विधानसभा स्तरीय आंदोलन

■ **जिला कार्यसमिति की बैठक में बनाई गई रणनीति**

गरियाबंद/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा गरियाबंद राज्य सरकार के खिलाफ बेरोजगारी के मुद्दे पर विधानसभा स्तरीय आंदोलन करने जा रही है। भारतीय जनता युवा मोर्चा गरियाबंद की जिला कार्यसमिति की बैठक में आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। जिले के राजिम और बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा में युवा मोर्चा के नेतृत्व में बेरोजगारी को लेकर विभिन्न कार्यक्रम बनाए गए हैं। इसके साथ ही बेरोजगारी मुद्दे पर आंदोलन कर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। राजिम विधानसभा में 9 जुलाई और बिन्द्रानवागढ़ में 10 जुलाई को भाजयुमो की बैठक रखी गई है, जिसमें आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। इसके अलावा भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश की आगामी कार्ययोजना एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या के छत्तीसगढ़ प्रवास सहित पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों के विषय को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है।

भाजयुमो गरियाबंद की जिला कार्यसमिति की आवश्यक बैठक बीते सोमवार को भूतेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिषर स्थित सभाकक्ष में आहूत की गई थी। बैठक में विशेष रुप से भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू, भाजपा प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, रोहित साहू, युवा मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी कैलाश चंद्रवंशी, युवा मोर्चा जिला प्रभारी रोहित माहेश्वरी, सह प्रभारी अनुराग चौरसिया, डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख विकास साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अभिषेक सोनकर, नंदिनी नेताम, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगीराज माखन कश्यप उपस्थित थे।

भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर युवा मोर्चा की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा के पूर्व केबिनेट मंत्री चंद्रशेखर साहू ने स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन, वंदन कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं में आगामी कार्य योजनाओं के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों को पूरी लगन, मेहनत और जिम्मेदारी के साथ करने उत्साहवर्धन करते हुए जोश भरा। उन्होंने राष्ट्रपति पद के लिए द्रोपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए आभार जताया है।

भाजपा जिला संगठन प्रभारी राकेश यादव, जिला अध्यक्ष राजेश साहू, युवा मोर्चा रायपुर संभाग प्रभारी कैलाश चंद्रवंशी, युवा मोर्चा जिला प्रभारी रोहित माहेश्वरी, डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी ने संबोधित करते हुए कहा कि आगामी समय में विधानसभा चुनाव होना है, जिसमें चुनौती बहुत बड़ी है, वहीं समय बहुत कम है। इसके लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता अभी से राज्य की कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट जाएं।

कहा कि राज्य की आमजनता से कांग्रेस सरकार ने चुनाव से पूर्व अपनी चुनावी घोषणा पत्र में बड़े-बड़े लोक-लुभावनें वायदे किए थे, जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं। कांग्रेस सरकार ने लोगों को सिर्फ छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अब राज्य की कांग्रेस सरकार की नाकामियों सहित जनहित के मुद्दों को लेकर सड़क की लड़ाई लड़नी है। राज्य सरकार के खिलाफ बेरोजगारी के मुद्दे पर विधानसभा स्तरीय आंदोलन करते हुए एसडीएम कार्यालय का घेराव किया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक मंडल में दो से तीन प्रमुख स्थानों को चिन्हांकित कर युवा चौपाल, बेरोजगारी टेंट और हस्ताक्षर अभियान चलाते हुए अधिक से अधिक युवा बेरोजगारों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा।

युवा मोर्चा की बैठक में बेरोजगारी के मुद्दे सहित आगामी कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तैयार की गई है। जिसके लिए मोर्चा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।